तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 26.4 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




9 अगस्त को रक्षा बंधन मनाया जाएगा। इसके लिए बाजार सजकर तैयार है। मनपसंद राखी पसंद करती बहनें ।

## खबर संक्षेप

### शनिचरी पानी टंकी की आज होगी सफाई

**बिलासपुर।** नगर निगम द्वारा बुधवार को शनिचरी पानी टंकी की सफाई कराई जाएगी। निगम के मुताबिक सुबह की पाली में पानी सप्लाई करने के बाद टंकी की सफाई होगी। इससे शाम के वक्त इस टंकी से पेयजल सप्लाई नहीं हो पाएगी। इससे तीन हजार परिवार प्रभावित रहेंगे। नगर निगम ने लोगों से सुबह के वक्त ही जरूरत के लायक पानी भर लेने की अपील की है। ध्यान रहे कि हर छह माह में नगर निगम एक बार पानी टंकियों की सफाई कराता है। शनिवार को सुबह पेयजल सप्लाई करने के बाद टंकी सफाई ठेकेदार को सौंप दी जाएगी। उम्मीद की जा रही है कि दोपहर दो से तीन बजे तक पानी टंकी पूरी तरह से साफ हो जाएगी। इस टंकी को वापस भरने में सात से आठ घंटे का समय लगता है। इस लिहाज से सफाई के बाद फिर से टंकी भरकर पेयजल सप्लाई संभव नहीं होगा। इसे देखते हुए निगम ने लोगों को सुबह ही जरूरत के लायक पानी भर लेने के लिए कहा है।

### यूथ रेडक्रास सोसायटी की बैठक 8 को

**बिलासपुर।** यूथ रेडक्रास सोसायटी की बैठक जल संसाधन विभाग के प्रार्थना सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक कलेक्टर संजय अग्रवाल अध्यक्षता में 8 अगस्त की शाम 5 बजे आयोजित होगी। बैठक में शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में यूथ रेडक्रास सोसायटी के गठन एवं अंशदान का प्रेषण, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविरों का आयोजन सुनिश्चित करना एवं प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर और आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन के विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### टूटे मेन होल की सुध लेने वाला कोई नहीं



**बिलासपुर।** जूना बिलासपुर कर्बला मुख्य सड़क जाने वाले रास्ते में पिछले 7 दिनों से रास्ते का मेन होल टूट गया है। जिसे अभी तक ढका नहीं गया है, जिसके कारण आने जाने वाले वाहन चालक एव राहगिरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के अध्यक्ष ने बताया कि कभी-कभी रात में होल दिखाई ना देने के कारण दुर्घटना हो जाती है। छोटे-छोटे बच्चे भी इस रास्ते से निकल कर अपने घर जाते हैं। स्कूल जाने वाले स्टूडेंट्स को डर सा लगा रहता है। व्यापारियों ने अभी फिलहाल प्लाई से होल को ढका दिया है। नगर निगम के अधिकारियों से इस ओर ध्यान आकर्षित किया है।



### इस गड्ढे को क्या कहेंगे...

बारिश में लोकल सड़कों के साथ ही साथ नेशनल हाइवे पर भी भारी भरकम गड्ढे नजर आने लगे हैं। इन दिनों सेंदरी के पास एनएच पर बना यह गड्ढा वाहन चालकों की परेशानी का कारण बना हुआ है। गड्ढे के कारण वाहनों की रफ्तार तो कम हो ही रही है, वाहन खराब भी हो रहे हैं, साथ ही दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, इसके बाद भी गड्ढा भरा नहीं जा रहा है।

## कब तक सड़क को सुधार देंगे, जवाब दें

# हाईकोर्ट ने पूछा- बदहाल एनएच से गुजरने पर तकलीफ हुई कि नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में बिलासपुर- रायपुर नेशनल हाईवे की बदहाली को लेकर सुनवाई हुई। इस दौरान मंगलवार को नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कोर्ट के आदेशानुसार सड़क मार्ग से होते हुए व्यक्तिगत रूप से हुए कोर्ट पहुंचे। सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस की डिवीजन बेंच ने प्रोजेक्ट मैनेजर से 3 सप्ताह के भीतर शपथपत्र में जवाब मांगा है। साथ ही कोर्ट ने पूछा कि बिलासपुर- रायपुर नेशनल हाईवे की सड़क कब तक सुधारकर देंगे। इस सड़क से गुजरकर कोर्ट पहुंचने में कितनी तकलीफ हुई। कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाना और एनएचएआई का मौन रहना चिंताजनक है। हाईकोर्ट ने कहा कि बार-बार दिए जा रहे शपथ पत्रों से उद्देश्य पूरे नहीं हो रहे हैं। सिर्फ कागजों में रिपोर्ट देकर एनएचएआई जिम्मेदारी से नहीं बच सकता।



बिलासपुर-रायपुर एनएच बदहाल, नाराज हाईकोर्ट ने प्रोजेक्ट मैनेजर को इसी सड़क मार्ग से होते हुए कोर्ट में तलब किया

हरिभूमि में 5 अगस्त को प्रकाशित खबर।

- सिर्फ कागजों में रिपोर्ट देकर जिम्मेदारी से नहीं बचा जा सकता, सड़कों की सुधार के लिए एनएचएआई का मौन रहना चिंताजनक
- नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट डायरेक्टर कोर्ट के आदेशानुसार सड़क मार्ग से होते हुए व्यक्तिगत रूप से हुए कोर्ट पहुंचे, लगी फटकार

दरअसल, सोमवार को चौफ जस्टिस रमेश सिन्हा की बेंच में सुनवाई में खराब सड़कों की मरम्मत नहीं किए जाने को लेकर चीफ जस्टिस ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। चीफ जस्टिस ने नेशनल हाईवे के प्रोजेक्ट मैनेजर को नोटिस जारी कर इसी सड़क मार्ग से होते हुए कोर्ट में तलब किया था। सुनवाई के दौरान कहा था कि, बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाइवे प्रदेश का महत्वपूर्ण हाइवे है। यह प्रदेश की राजधानी और न्यायधानी को सीधे तौर पर आपस में जोड़ती है। बिलासपुर और आसपास के जिलों तथा सरगुजा संभाग जाने के लिए बस्तर संभाग और रायपुर संभाग के लोग इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं।

### 1550 करोड़ से बनी 117 किमी सिक्स-फोर लेन सड़क

कोर्ट ने कहा कि सरगुजा संभाग और बिलासपुर संभाग के लोग रायपुर- बिलासपुर एनएच से ही होकर राजधानी पहुंचते हैं। इतनी महात्वपूर्ण सड़क होने के बावजूद भी इसके रखरखाव में नेशनल हाईवे अर्थारिटी लगाकर लापरवाही बरत रही है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा, बीडी गुरु की डिवीजन जेंध में सुनवाई हुई। इस दौरान सड़कों की ख़राब हाताल को लेकर डिवीजन बेंच ने नाराजगी जताई थी। ध्यान रहे कि रायपुर से बिलासपुर के बीच एनएच का निर्माण करीब 1550 करोड़ की लागत से किया गया था। इसका निर्माण वर्ष 2016 में शुरू हुआ और दिसंबर 2019 में बनकर तैयार हुआ। शुरू से ही लेकिन सड़कों में दरारें दिखने लगीं। जनहित याचिका में सड़क की दुर्दशा, हादसों और निर्माण कार्यों की धीमी गति पर सवाल उठाए गए हैं।सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने एनएच के अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि सड़क की स्थिति ऐसी है कि पैचवर्क जानलेवा साबित हो रहा है। लोग और मवेशी हादसों में जान गंवा रहे हैं। निर्माण सामग्री और मलबा खुले में पड़ा है, जिससे हादसे हो रहे हैं।

### तुर्काडीह, सेंदरी, रानीगांव, बेलतरा में काम

नेशनल हाईवे की ओर से पैरवी कर रहे वकील से चीफ जस्टिस ने पूछा कि, मिस्टर वानखेड़े आप तो हाईवे के प्रोजेक्ट मैनेजर से मिलने के लिए रोज रायपुर जाते होंगे। तो आपने इस सड़क की स्थिति देखी होगी। नेशनल हाईवे वाले जो तोडा बहुत मेंटेनेंस करते हैं, सड़क पर स्टॉपर लगते है वे बेतरतीब, लावारिस हालत में सड़क पर पड़ी रहती है। चीफ जस्टिस ने नाराजगी जताते हुए कहा कि अब सिर्फ एफिडेविट नहीं, जिम्मेदार अफसर की मौजूदगी जरूरी है। एनएच की तरफ से पक्ष रख रहे अधिवक्ता से सीजे ने कहा कि आप जो रोज रायपुर जाते होंगे, आपने इस सड़क की हालत देखी है? क्या चाहते कि लोग उड़ते हुए निकलें इन स्टॉपर्स से? एनएचएआई की तरफ से हलफनामा देकर बताया गया के तुर्काडीह, सेंदरी, रानीगांव, मलनाडीह और बेलतरा में पैदल नात्रियों की सुरक्षा के लिए फुट ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं। पहले की अनुमानित लागत 17.95 करोड़ थी, जो अब घटकर 11.38 करोड़ हो गई है। निर्माण स्थल की संयुक्त जांच हो चुकी है। टेंडर जारी हो चुका। टेंडर मंजूर होते ही निर्माण कार्य गुरू होगा।

# कोर्ट ने पूछा- कब तक बन जाएगी अपोलो व अशोकनगर वाली सड़क

अशोक नगर की बदहाल सडक और अपोलो हास्पिटल जाने वाली रोड पर हाईकोर्ट ने सोमवार को स्व संज्ञान में दर्ज हुई जनहित याचिका पर सुनवाई की। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की स्पेशल डिवीजन बेंच ने कहा कि बिलासपुर और आस-पास की लोक निर्माण विभाग की सडकों की हालत बहुत खराब है। इसके साथ ही अशोक नगर में सडक पर बड़े गड्ढे हैं इनका क्या किया जा रहा है। हाईकोर्ट ने निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को शपथ पत्र पेश ⏭शेष 5 पर



- हाईकोर्ट ने निगम और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को शपथ पत्र पेश करने कहा

### 80 फीट चौड़ी सड़क बनाई जाएगी

निगम की ओर से बताया गया कि अपोलो चौक से मानसी लॉज तक 450 मीटर लंबी और 60 फीट चौड़ी सड़क होगी। इसके आगे मानसी लॉज से शनिचरी रपटा तक करीब डेढ़ किमी सड़क 80 फीट चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। वसंत विहार से रपटा तक 2.5 किमी सड़क का चौड़ीकरण किया जाना है। यह काम दो चरणों में हो रहा है। पहले चरण में अपोलो चौक से मानसी लॉज तक 450 मीटर लंबी सड़क बनाने अतिक्रमण हटाया जा चुका है और यहां 80 लाख की लागत में सड़क-नाली बनाने का काम शुरू हो गया है। निगम की ओर से कहा गया कि वसंत विहार चौक से दयालबंद पुल तक सड़क के लिए सर्वे होगा। मास्टर प्लान में यह सड़क 120 फीट चौड़ी है। इसी के मुताबिक यहां सड़क बनाई जाएगी। सर्वे के बाद यहां भी तोड़फोड़ होगी।

# सेंदरी अस्पताल में जांच के लिए उपकरण नहीं, मरीजों को सिम्स लाने की मजबूरी

प्रदेश के एकमात्र मानसिक चिकित्सालय सेंदरी की अव्यवस्थाओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्टने सख्त लहजे में कहा कि अस्पताल की व्यवस्था इतनी खराब है कि अब अधिकारियों के शपथ पत्र देने से भी कुछ नहीं होगा। हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव को अस्पताल का दौरा और निरीक्षण करने कहा है। साथ में दो कोर्ट कमिश्नर एडवोकेट हिमांसू पांडे और एडवोकेट ऋषि राहुल सोनी रहेंगे। यह लोग अस्पताल में कमियों पर एक रिपोर्ट तैयार कर हाईकोर्ट में पेश करेंगे। ⏭शेष 5 पर



- हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य सचिव और दो कोर्ट कमिश्नर को निरीक्षण कर रिपोर्ट देने कहा

### अस्पताल से नदारद रहते हैं डाक्टर

सुनवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि अस्पताल में फिलहाल डॉक्टर उपलब्ध है लेंकि वह शासकीय सेटअप के हिसाब से कम हैं। महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सेंदरी अस्पताल को लेकर शासन गंभीर है और नियुक्ति के लिए विज्ञापन जारी किए गए हैं। कोर्ट कमिश्नर ने सुनाई के दौरान बताया कि डॉक्टर और स्टाफ एक से डेढ़ घंटे अस्पताल में रहते हैं, जबकि उन्हें सुबह 8:00 से 2:00 बजे तक रहना चाहिए। इस बात की तस्दीक रजिस्टर और सीसीटीवी फुटेज से होती है। डॉक्टर देर से आते हैं और बायोमेट्रिक उपस्थिति भी दर्ज नहीं कराते। वाटर कूलर सही नहीं है, साथ ही हाइजिन का भी ध्यान नहीं रखा जाता है. जिस पर कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। अस्पताल में स्वच्छता की खराब स्थिति और डॉक्टरों की अनियमितताओं को लेकर जनहित याचिका दायर की गई थी।

# 4 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा फायदा ईडी ने कहा सूर्यघर योजना से जुड़ें लोग

**बिलासपुर।** हॉफ बिजली बिल योजना की छूट में संशोधन कर दिया गया है। अब 400 के बजाए 100 यूनिट मासिक खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत मिलेगी। क्षेत्र के 4 लाख उपभोक्ताओं का इसका फायदा पहुंचने का अनुमान है। वहीं दूसरी ओर ईडी ने सूर्य घर योजना से उपभोक्ताओं को जुड़ने की अपील की है।

बिलासपुर रीजन में घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 6.75 लाख है, जिनमें से 4 लाख उपभोक्ताओं को हॉफ बिजली बिल योजना का फायदा मिलता रहा है, शेष बचे 2.75 उपभोक्ताओं को पीएम सूर्यघर योजना से सोलर प्लांट लगाकर फायदा पहुंचाने की कवायद की जा रही है। बताया जा रहा है कि केन्द्र शासन 30 हजार रूपये प्रति किलोवॉट एवं अधिकतम 78 हजार रूपये की सब्सिड़ी दे रही है। साथ ही राज्य शासन द्वारा 15 हजार प्रति किलोवॉट व अधिकतम 30 हजार रूपये की सब्सिडी दे रही है। उपभोक्ताओं को 45 हजार प्रति किलोवॉट एवं अधिकतम 1 लाख 8 हजार रूपये की सब्सिडी दी जाएगी। ईडी एके अम्बस्ट बताया कि सूर्यघर योजना के सोलर प्लांट लगाने के बाद पहले दिन से ही 120 यूनिट से 150 यूनिट प्रति किलोवॉट उत्पादन होने से विद्युत बिल में छूट मिल रही और कंपनी को बेचकर उपभोक्ता मुनाफा भी कमा सकते हैं।

# तहसीलदार हड़ताल पर एसएलआर को प्रभार

पांच अधिकारियों को 14 तहसील उप तहसील की जिम्मेदारी

**बिलासपुर।** तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों द्वारा सत्रह सूत्रीय मांगों को लेकर विगत 30 जुलाई से सामूहिक हड़ताल पर जाने के बाद जिले में चरमराई राजस्व व्यवस्था सम्हालने अब एसएलआर को प्रशासनिक प्रभार सौंपा गया है। इसके अंतर्गत जिले में पदस्थ पांच अधीक्षक एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख को चौदह तहसील व उपतहसील का प्रभारी बनाया गया है।

कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा तहसीलदारों के हड़ताल पर जाने के बाद जिले में राजस्व से संबंधित बढ़ते लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए अधीक्षक भू अभिलेख एवं सहायक अधीक्षक भू अभिलेख को प्रभार सौंपा गया है। इसके अंतर्गत पंकज सिंह,अधीक्षक भू अभिलेख को सकरी, गनियारी, सकर्रा एवं तखतपुर तहसील का। अप्रतिम पाण्डेय सहायक अधीक्षक भू अभिलेख बिलासपुर को कोटा, बेलगहना व रतनपुर तहसील का। जवाहर सिंह उरांव, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख बिलासपुर को बिल्हा एवं बोदरी का। परमानंद पैकरा, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख बिलासपुर को मस्तूरी, सीपत व पचपेड़ी तहसील का एवं खिलेन्द्र सिंह यादव, अधीक्षक भू अभलेख बिलासपुर को बिलासपुर एवं बेलतरा तहसील का प्रभार सौंपा गया है।

## डाक्टर ने बीमारी से मौत बताकर सौंप दी थी लाश

# विवाहिता की संदिग्ध मौत, पीएम रिपोर्ट में मारपीट की पुष्टि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पीएम रिपोर्ट में मृतका के शरीर के चार जगहों पर मारपीट करने की पुष्टि की गई है। इधर डाक्टर ने इलाज के दौरान मौत होने पर पुलिस को बिना सूचना दिए बीमारी से मौत बताते हुए लाश परिजन को सौंप दिया था। उसके बाद महिला की लाश का यूपी में ले जाकर कफन दफन कर दिया गया था। मृतका के परिजन पीएम रिपोर्ट लेकर सिविल लाइन थाने गए तो नियमों का हवाला देते हुए यूपी से डायरी आने पर कार्रवाई करने की बात कहते हुए उन्हें लौटा दिया गया है।

उत्तर प्रदेश निवासी कारी बसीर, पत्नी सलमा व 7 साल की बेटी के साथ तालापारा में रहकर मदरसा व होटल चला रहे थे। उन्होंने अपनी पत्नी को इलाज के लिए निजी हास्पिटल में भर्ती कराया था। 12 जुलाई को इलाज के दौरान उनकी पत्नी सलमा की मौत हो गई। पुलिस को बिना सूचना के उन्होंने पत्नी का शव यूपी ले जाकर कफन दफन कर दिया। मोहल्लेवासियों ने सिविल लाइन थाने में महिला की हत्या करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की। परिजन की शिकायत पर यूपी की रामपुर पुलिस ने 26 जुलाई को कब्र खोदकर महिला का शव बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम कराया था। तीन डाक्टरों की टीम डा. फारूख अहमद, डा. अजय कुमार, डा. अंजू सिंह के द्वारा पोस्टमार्टम किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर मृतका के साथ मारपीट करने की पुष्टि की गई है, किन्तु बिसरा जांच के लिए प्रिजर्व कर दिया है। बिसरा रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। सोमवार को मृतका के परिजन पीएम रिपोर्ट लेकर सिविल लाइन थाना गए। टीआई ने नियमों का हवाला देते हुए यूपी पुलिस के द्वारा डायरी भेजने पर कार्रवाई करने का हवाला देकर लौटा दिया। परिजन ने कलेक्टर व एसएसपी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। एसएसपी ने यूपी से डायरी मिलने के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

- परिजन पीएम रिपोर्ट रखकर थाने व अधिकारियों के दफ्तर का लगा रहे चक्कर

### क्या है पीएम रिपोर्ट में

पीएम रिपोर्ट में डाक्टर ने बताया है दाहिने ऊपरी सीने पर 2.5 सेमी लंबा और 2 सेमी चौड़े आकार का घाव था। कलाई के जोड़ के नीचे, दाहिने हाथ के ऊपर भाग पर 4 सेमी लंबा व 3 सेमी चौड़ा, दाहिने कंधे से लगभग 5 सेमी नीचे दाहिने कंधे के ऊपर 6 सेमी लंबा और 4 सेमी चौड़ा चोट का निशान मिला है। शरीर पर 4 जगहों पर जख्म के निशान मिले हैं।

### मृतका के भाई का आरोप फिनाइल पिलाया गया

मृतका के भाई रागीब व मौलाना शमशाद रजा ने आरोप लगाया है उनकी बहन के साथ मारपीट करने थे बाद फिनाइल पिला दिया गया था। यूपी में पीएम के दौरान वे डाक्टरों के साथ उपस्थित थे। डाक्टरों ने बताया था मुंह को एसिड से जलाया गया है। बहरहाल बिसरा रिपोर्ट से इसका खुलासा हो पाएगा।

### यूपी से डायरी आने पर होगी कार्रवाई

मृतका के परिजन पीएम रिपोर्ट लेकर आए थे। उन्होंने बताया है पीएम रिपोर्ट में मारपीट करने की पुष्टि की गई है। यूपी रामपुर पुलिस से संपर्क कर पीएम रिपोर्ट की जानकारी ली गई है। उन्हें संपूर्ण रिपोर्ट भेजने कहा गया है। वहां से डायरी आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

\- निमितेश सिंह परिहार, सीएसपी




## खबर संक्षेप

### हाथियों का नहीं थम रहा उत्पात रौंदी फसल, ढहाया मकान

**कोरबा।** जिले के कोरबा एवं कटघोरा वनमंडल में हाथियों का उत्पात कम होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां के जंगलों में बड़ी संख्या में विचरण कर रहे हाथियों ने बीती रात जहां कोरबा वनमंडल के कोल्गा एवं कमरन गांव में ग्रामीणों के खेतों में उत्पात मचाते हुए बड़ी मात्रा में धान की फसल को रौंद दिया। वहीं कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज के कोटमर्रा नामक गांव में एक ग्रामीण महिला के मकान को ढहा दिया। झुण्ड से अलग विचरण कर रहे एक दंतैल हाथी ने भी कुदमुरा रेंज के तौलीपाली एवं कुदमुरा में उत्पात मचाते हुए तीन ग्रामीणों के मकान को ढहा दिया। हाथियों के बढ़ते उत्पात से ग्रामीणों में आक्रोश है। जानकारी के अनुसार कोरबा वनमंडल के पसरखेत रेंज के कोल्गा क्षेत्र में 25 हाथी विचरण कर रहे हैं जबकि कोरबा रेंज के कमरन गांव में 25 हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है।

## निधन

### बुद्धूराम भंडारी



**बोदरी।** बिल्हा निवासी प्रतिष्ठित समाजसेवी बुद्धूराम भंडारी 5 अगस्त मंगलवार को आकस्मिक निधन हो गया, इनका अन्तिम संस्कार दिनांक बुधवार सुबह 10 बजे बिल्हा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वो राजकुमार के पिता और दिलीप भंडारी के दादाजी थे।

### मंगल दास आदिले



**जरहागांव।** बरेला निवासी मंगल दास आदिले का 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार पुराना गांव डोमनपुर के स्थानीय मुक्तिधाम में बुधवार को सुबह 10.30 बजे किया जाएगा। वे कुमारी बाई के पति, खेलन बाई, संतोष आदिले, सनत आदिले के पिता अंजू आदिले, प्रेजलिन आदिले के ससुर एवं दृशा आदिले, नायरा, सायरा के दादाजी थे।

### हीरालाल गुप्ता



**करगीरोड कोटा।** नगर के अग्रहरि समाज के पूर्व नगर अध्यक्ष फिरंगीपारा निवासी हीरालाल गुप्ता का मंगलवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को फिरंगीपारा मुक्तिधाम में सुबह 10:30 बजे किया जाएगा। वे सुंदरलाल, मोतीलाल, स्वर नारायण, कन्हैयालाल के बड़े भाई, कृष्ण कुमार, गुड्डू के पिता थे।

## हाई स्कूल करनकापा का हायर सेकेंड्री में उन्नयन

# शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं: धर्मजीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल विधायक धर्मजीत सिंह।

हाई स्कूल करनकापा का हायर सेकेंडरी में उन्नयन होने पर कक्षा 11वीं का शुभारंभ विधायक धर्मजीत सिंह ने किया और छात्रों को प्रवेश दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि, आज का यह दिन हमारे क्षेत्र के लिए एक गौरवपूर्ण और ऐतिहासिक अवसर है। क्योंकि आज हमारे इस विद्यालय का हाई स्कूल से हायर सेकेंडरी स्कूल में अपग्रेडेशन हुआ है।

यह केवल एक शैक्षणिक मान्यता नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि, शिक्षा केवल ज्ञान का माध्यम नहीं, बल्कि यह समाज को प्रगति की ओर ले जाने वाली सबसे मजबूत शक्ति है। जब किसी गांव या क्षेत्र में हायर सेकेंडरी स्तर तक की शिक्षा उपलब्ध होती है, तो वहां की नई पीढ़ी को बाहर जाने की मजबूरी नहीं रहती, और वे अपनी जड़ों से जुड़े रहकर ही उज्ज्वल भविष्य की तैयारी कर सकते हैं। यह उपलब्धि हमारी राज्य सरकार द्वारा शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प का प्रमाण है। हाई स्कूल करनकापा का हायर सेकेंडरी में उन्नयन होने पर उसका विधिवत शुभारंभ किया गया एवं नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता संतोष कश्यप, जनपद सदस्य रिषभ कश्यप, नैन लाल साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष श्याम सुंदर कश्यप, सरपंच सुभद्रा कौशिक, प्रमोद कौशिक, दिनेश साहू, प्रमोद ठाकुर, राहुल तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने की मानदेय बढ़ाने की मांग

**मुंगेली।** पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रधानमंत्री से पत्र लिखकर मानदेय राशि में वृद्धि किये जाने की मांग की है। ग्राम पंचायत बोइरपारा के उपसरपंच राजू यादव ने पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत में कार्य करने वाले उपसरपंचों का मानदेय राशि बहुत कम है, जिससे अपने परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो रहा है। आपसे अनुरोध है कि हमारे मानदेय में वृद्धि करने के लिए उचित कदम उठाएं। जिससे हम चुने हुए जनप्रतिनिधि पूरी निष्ठा एवं समय देते हुए पंचायत एवं शासन की योजनाओं पर मन लगाकर कार्य कर सकें।

### अखंड राम नाम संकीर्तन सप्ताह का समापन आज

**तखतपुर।** अखंड राम नाम संकीर्तन सप्ताह का समापन बुधवार को शाम 7 बजे राम सदन मानस मंच में विधायक धर्मजीत सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा नपा अध्यक्ष पूजा मक्कड़ की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। साथ ही जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकार के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।



# दुर्लभ तोते का शिकार करते चार गिरफ्तार

**लोरमी।** वनविभाग ने ग्राम दाउकापा में दबिश देकर बबूल पेड़ में जाल लगाकर लुप्त प्रजाति का तोता पकड़ने वाले कबीरधाम जिला के चार शिकारियों को गिरफ्तार कर आरोपियों से तोता सहित जाल बरामद कर लिया।

खुड़िया वन परिक्षेत्र रेंजर रुद्र कुमार राठौर को सोमवार को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम दाउकापा ठाकुर देव मोहल्ला में बबूल के पेड़ पर वन्यजीव तोता का झुंड प्रतिदिन रात में विश्राम करता हैं। कबीरधाम के कुछ शिकारियों ने फंदा लगा कर एक तोते को फंसा लिया है। सूचना पर वन वविभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं आरोपी राधे 50 वर्ष पिता रतिराम पारधी, राजकुमार 50 वर्ष पिता पदुम पारधी, मंगल 29 वर्ष पिता पंचू पारधी, सुरेश 27 वर्ष पिता राधे पारधी निवासी ग्राम कुंडा तहसील पंडरिया कबीरधाम को गिरफ्तार कर एक तोता एवं शिकारी जाल को जप्त कर लिया। आरोपियों के खिलाफ वन प्राणी अधिनियम 1972 अंतर्गत धारा 2, 9, 39, (1),(क),48 (क), 51, 52 के तहत अपराध दर्ज न्यायिक रिमांड में भेजा गया।

# बाल भारती के खिलाड़ियों का ताइक्वांडो में शानदार प्रदर्शन





**सीपत।** बाल भारती पब्लिक स्कूल एनटीपीसी सीपत के छात्रों ने शिलॉन्ग मेघालय स्थित बी डी ड ब ल यू इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित सीबीएसई फार ईस्ट जोनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025-26 में शानदार प्रदर्शन कर जिले और विद्यालय दोनों को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में श्रेया साहू ने 63 किलोग्राम वरिष्ठ बालिका वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन सीबीएसई राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। इसके साथ ही तनीषा साहू ने 59 किलोग्राम वरिष्ठ बालिका वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं अन्य खिलाड़ियों में अर्शिता ताम्रकार 49 किग्रा कनिष्ठ बालिका वर्ग, गौतम निर्मलकर 45 किग्रा कनिष्ठ बालक वर्ग तथा अनिशा साहू 38 किग्रा अंडर-14 बालिका वर्ग ने भी सराहनीय प्रदर्शन करते हुए खेल क्षेत्र में अपने उज्जवल भविष्य के संकेत दिए। विद्यालय के प्राचार्य शलभ निगम ने सभी खिलाड़ियों की सफलता कर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम हैं। खेल न केवल आत्मविश्वास व अनुशासन को बढ़ाते हैं, बल्कि नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। हमारे छात्रों ने समर्पण और कठिन परिश्रम से यह सफलता अर्जित की है, जो पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है।

### गायत्री परिवार 10 को करेगा पौधरोपण

**तखतपुर।** गायत्री मंदिर परिसर बेलपान में 10 अगस्त को सुबह 8 बजे से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल होने की अपील नारायण प्रसाद पाली ने की है।

### डीएमएफ से चतुर्थ श्रेणी के पदों पर होगी नियुक्ति

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश एवं उद्योग, वाणिज्य एवं श्रममंत्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कलेक्टर अजीत वसंत द्वारा जिले में संचालित कुल 15 शासकीय स्नातक एवं स्नातकोत्तर महाविद्यालयों में चतुर्थ श्रेणी सफाई कर्मचारी/चौकीदार की व्यवस्था हेतु शासन के द्वारा स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों के अंतर्गत कुल 29 पदों के लिए एक वर्ष तक की अवधि के लिए स्वीकृति प्रदाय की गई है।

आदतन अपराधी बेलगाम आए दिन दे रहे वारदातों को अंजाम

# मोबाइल दुकान में तोड़फोड़, संचालक के साथ की मारपीट, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर



नगर के आदतन अपराधियों ने दिनदहाड़े मोबाइल दुकान में घुसकर संचालक के साथ मारपीट कर दुकान में तोड़फोड़ कर दी। नगर में इन दिनों अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

सोमवार दोपहर 3 बजे रतनपुर केरापार चौक के पास स्थित अल्सीफा मोबाइल दुकान में घुसकर 5-6 आदतन अपराधियों ने दुकान संचालक आसिफ खान एवं उसके दोस्त राज कश्यप के साथ लात, घूसों एवं बेल्ट से बेरहमीपूर्वक मारपीट कर दी। बदमाशों ने इस दौरान दुकान में जमकर तोड़फोड़ भी की। मारपीट करने वालों में विक्कु ऊर्फ विकास रावत, राजा कश्यप, बंधन नमन बिसेन एवं उनका साथी महराज शामिल था। घटना की शिकायत रतनपुर थाने दर्ज कराई गई, जिस पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर हदमाशों की खोजबीन शुरू कर दी। गौरतलब है कि, इन बदमाशों के ऊपर पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज है। विक्कु रावत थाने में कुछ माह पहले तांडव मचा चुका है, जिस पर पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी सहित 6 पुलिसकर्मियों को तत्काल लाइन अटैच किया था। इसके बाद भी बदमाश अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है, और आए दिन क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा है।



# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, बुधवार 6 अगस्त 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




## स्मरण

### आजादी के आंदोलन में राव साहब का अहम योगदान



**बिलासपुर।** बैरिस्टर ई राघवेन्द्र राव की 136 वीं जयंती पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी परिवार संगठन द्वारा उनके त्याग बलिदान को स्मरण किया गया। यह आयोजन स्थानीय लिंक रोड स्थित राव ट्रेड सेंटर कार्यालय में आयोजित हुआ,डॉ सुशील त्रिवेदी ने कहा कि भारत की आजादी के आंदोलन में और आधुनिक भारत के निर्माण में राव साहब का योगदान अनन्य है। उसी कड़ी को बढ़ाते हुये उत्तराधिकारी सेनानी डॉ आर ए शर्मा ने कहा भारत को गढ़ने वाले अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान की गाथा वर्तमान पीढ़ी को स्मरण कराने की जरूरत है। कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने उनके किए गए कार्यो का सराहा। बैठक में नगर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के उत्तराधिकारी परिवार के सदस्य सर्व ई रमेंद्र बाबा राव, वाणी राव,अनिल तिवारी,डॉ आर ए शर्मा,डॉ शकुंतला जितपुरे,प्रतिमा शुक्ला,राम शंकर शुक्ला शुक्ला,शिवनाथ श्रीवास,रमेश श्रीवास,डॉ उषा किरण बाजपेयी,डॉ रश्मि बाजपेयी,अशोक जायसवाल,मनोज पांडेय,अजय सराफ,श्रद्धा तिवारी सहित काफ़ी संखिया में सेनानी परिवार उपस्थित रही।

## जागरूकता

### बुजुर्गों के अनुभव से भविष्य की दिशा तय कर सकते हैं



**बिलासपुर।** चेतना जागरूकता अभियान के अंतर्गत बिलासा कन्या महाविद्यालय में कार्यक्रम हुआ, एलुमनाई पुलिस एवं महाविद्यालय के संयुक्त आयोजन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्चना झा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। एलुमनाई अध्यक्ष डॉ सत्यभामा अवस्थी ने कार्यक्रम की महत्ता के साथ ही भूतपूर्व छात्राओं की गतिविधियों को अवगत कराया। उन्होंने कहा मेरे गुरु, सहकर्मी, बैच मेट के साथ ही मेरी छात्राएं इस सभागार में उपस्थित हैं। अर्चना झा ने कहा वे बौद्धिक वर्ग के साथ बैठकर अभिभूत हैं, अपने छात्र जीवन को याद करते हुए छात्राओं को रचनात्मक दिशा में आगे बढने अपने बुजुर्गों का सम्मान, उनके अनुभव से लाभ लेवे अपने भविष्य की दिशा तय कर सकती हैं। उन्होंने ट्रैफिक नियमों के साथ जीवन सुरक्षा की बात की। मोबाइल फोन के फायदे और नुकसान की चर्चा की। इस अवसर पर अर्चना मिश्रा द्वारा वरिष्ठ शिक्षा विदों का सम्मान किया गया। प्रो शीला तिवारी, वीना अग्रवाल, प्रो सपना हेनरी, डॉ सत्यभामा अवस्थी,मुकुल दुबे, डॉ अंजलि स्वर्णकार, डॉ छाया तिवारी,ज्योति रानी सिंह, रंजना दीक्षित, डॉ मुक्ता दुबे आदि मौजूद थे।

## पहल

### 25 फीट लंबी राखी वृक्षों को बांधकर पर्यावरण सरंक्षण का लेंगे संकल्प



**बिलासपुर।** पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा पिछले 24 वर्षों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष डॉ. विवेक तिवारी ने बताया कि समिति पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करती है, जिनका मुख्य उद्देश्य आम जनता को पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रेरित करना है। इन आयोजनों में सबसे खास है, रक्षाबंधन के पावन पर्व पर वृक्षों को राखी बांधने की परंपरा। इस अनूठे कार्यक्रम में समिति के सदस्य और स्थानीय नागरिक मिलकर शहर के उद्यानों में लगे पेड़ों को राखी बांधते हैं और उनके संरक्षण का संकल्प लेते हैं। डॉ तिवारी ने बताया कि इस परंपरा का उद्देश्य यह है कि लोग केवल वृक्षारोपण तक सीमित न रहें, बल्कि लगाए गए पौधों की देखभाल भी करें। इस वर्ष वृक्ष रक्षाबंधन महोत्सव का रजत जयंती विवेकानंद उद्यान में मनाया जाएगा। पर्यावरण एवं पर्यटन विकास समिति द्वारा रजत जयंती वर्ष में वृक्षों को बांधने के लिए 25 फीट लंबी राखी तैयार की जा रही है, जो कि आर्टिस्ट राजू कौशिक के देखरेख में बनाई जा रही है। संरक्षक कुलपति डॉ विनय कुमार पाठक, डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे, अंजनी कुमार तिवारी सुधाकर, डॉ अरुण कुमार यदु, बालगोविंद अग्रवाल, शीतल प्रसाद पाटनवार, बाली यदु, राजू कौशिक, सनत तिवारी, डॉ. बजरंग बली शर्मा, डॉ बृजेश सिंह, अनिल तिवारी सहित अन्य शामिल थे।

## पुत्रदा एकादशी पर निकाली गई निशान यात्रा

श्री श्याम मंदिर घोंघा बाबा मंदिर परिसर में पुत्रदा एकादशी पर मंगलवार को श्रीराम मंदिर तिलकनगर से एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यह यात्रा देवकीनंदन चौक, सिम्स चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर पहुंच कर समाप्त हुई। यहां भक्तों ने 171 निशान चढ़ाया।

**बिलासपुर।** उत्सव के उपलक्ष्य में शाम को श्री श्याम भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें भगवान श्याम पर आधारित भजन पेश कर बाबा श्याम का गुणगान किया गया। वाद्य यंत्रों की धुन के बीच पेश भजन में श्रद्धालु भक्त झूमते नजर आए। वहीं एकादशी के उपलक्ष्य में भगवान श्याम का भव्य दरबार सजाकर 91 किलो सेवंती, तुलसी व गुलाब के फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। महाआरती की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर के सभी सदस्यों का सहयोग रहा।









91 किलो फूलों से भगवान श्याम का किया गया अलौकिक श्रृंगार

### भगवान शिव का सामूहिक रुद्राभिषेक

श्रावण पुत्रदा एकादशी के पावन अवसर पर मंगला स्थित अभिषेक नगर स्थित ओंकारेश्वर शिव मंदिर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। सखी सहेली महिला मंडल द्वारा भगवान शिव का सामूहिक रुद्राभिषेक किया गया। श्रावण शुक्ल एकादशी के अवसर पर ओंकारेश्वर शिव मंदिर, अभिषेक नगर में शिवभक्तों की बड़ी संख्या देखने को मिली। सखी सहेली महिला मंडल द्वारा आयोजित इस सामूहिक रुद्राभिषेक में भक्तों ने वैदिक मंत्रों के बीच जल, दूध, शहद और

## मुनी बाबा मंदिर जबड़ापारा से निकाली गई चुनरी यात्रा

सावन के पवित्र महिने में अरपा दाई संध्या आरती सेवा समिति ने मंगलवार को विधायक अमर अग्रवाल की उपस्थिति में चुनरी यात्रा निकाली। मुनी बाबा मंदिर जबड़ापारा से निकली यह यात्रा श्रीराम सेतु पुल अरपा नदी तट पहुंच कर समाप्त हुई। इसके बाद पूजा-अर्चना, संध्या आरती कर भोग वितरण किया गया। महाआरती में श्रद्धालु भक्तों की भारी भीड़ रही। इस मौके पर मनोज सोनी, अभिषेक सिंह ठाकुर, अभिषेक शर्मा, सुमन द्विवेदी, विजय ताम्रकार, सुनीता जगत, राजेश दुसेजा सहित अन्य लोग काफी संख्या में उपस्थित थे।



पूजा-अर्चना, संध्या आरती कर किया गया भोग वितरण, विधायक अमर हुए शामिल



### नारी शक्ति के सावनोत्सव में लवजीत बनी सावन सुंदरी



विकास नगर 27 खोली बाजपेयी परिषद में नारी शक्ति छत्तीसगढ़ संस्था ने सावन उत्सव मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। संस्था की अध्यक्ष डॉ उषाकिरण बाजपेयी ने उपस्थित सभी बहनों को सावन उत्सव की बधाई दी एवं संस्था का प्रतिवेदन पढ़ा। साथ ही प्रकृति बचाने अपने मां एवं जन्म उत्सव पर एक वृक्ष लगाने का संकल्प दिलवाया। सभी ने मां के नाम वट वृक्ष का रोपण किया। सावन के झूले का आनंद लिया गया। लकी ड्रा निकाल कर लवजीत शर्मा को सावन सुंदरी का ताज पहना सावनी गीत-क्या जाने कोई क्या जाने मुझे श्याम संग प्रीत पर.. की सामूहिक प्रस्तुति दी गई। सिर में पुस्तक रख बेलनस बनाकर चलने की प्रतियोगिता की विजेता इंदिरा चौधरी, बिंदी गेम में प्रथम परवीन, द्वितीय रुचि त्रिवेदी, तृतीय लवजीत शर्मा, सावनी गीत की विजेता श्रद्धा तिवारी, नृत्य की विजेता लवजीत शर्मा रही।

### महिला मंडल का सावन महोत्सव



आदर्श काछी कुशवाहा समाज समिति के महिला मंडल का सावन महोत्सव का कार्यक्रम सरजू बगीचा स्थित सामुदायिक भवान में संपन्न हुआ। जिसमें लगभग 300 से ज्यादा महिलाओं की उपस्थित रही,कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जनों से लेकर छोटे बच्चों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए जिसमें बॉक्स गेम में ओजश कश्यप, रुमाल पिन गेम में मालती कश्यप, कप बास्केट गेम में ऋतु कश्यप, थाली सजावट गेम में मीना कश्यप, दिया सजावट गेम में आहना कश्यप को प्रथम पुरस्कार दिया गया। विशेष सावन सुंदरी का इनाम प्रीति कश्यप को मिला, कार्यक्रम में मंजू कश्यप,शारदा कश्यप, संगीता कश्यप, रामप्यारी कश्यप, कांति कश्यप, दीपिका कश्यप आदि उपस्थित थे।

### महिलाओं ने भजन गाकर पेश किया नृत्य



बिलासा स्कूल कर्रा में महिलाओं ने सावन महोत्सव का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष सरस्वती सोनवानी थी। अध्यक्षता सरपंच किरण कौशिक ने की। विशिष्ट अतिथि जनपद पंचायत सदस्य कौड़ियां उषा देवी निषाद थीं। इसके बाद जन प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। भजन कीर्तन मंडली ने भजन गाया। महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि ने पौधरोपण कर महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मंच संचालन ज्योति निषाद और चंद्रकांती चंद्राकर ने किया। अंत में प्रतिभावान बेटियों को गिफ्ट देकर उनका मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम में बिंदु, अरूणा, पुष्पांजली, कुसुम, मीना, कतृका, खुश्बू, नीतू, सरिता, परमेश्वरी, मोनिका, पूर्णिमा, रूखमणी, शकुंतला, जग्गी, सभ्या, सीमा, चांद, लक्ष्मीन, त्रिवेणी, प्रिया, बिंदा, बबली, द्रौपती, जानकी, अवंतिका, अनामिका, कंचन उपस्थित थीं।

### सावन उत्सव रामायण पाठ के साथ प्रारंभ



महिला संगठन का सावन उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। संगठन का उत्सव शिव के भजनों तथा सामूहिक रामायण पाठ के साथ प्रारंभ हुआ। अध्यक्षा कल्पना गुप्ता के निवास में शारदा गुप्ता के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पदमा,रश्मि ,भगवती, सिमरन ,नंदिनी ,बसंती, श्रद्धा, नेहा रानी, निष्ठारानी, तनु, सविता तथा निकिता ने पर्थ शिवलिंग बनाकर अपनी अद्भुत कला और भक्ति का परिचय दिया। महिलाओं द्वारा सावन उत्सव मनाया गया इस उत्सव में समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया वर्षा की फुहार के साथ उधर धरती ने हरियाली ओढ़ी और इधर महिलाओं ने हरी साड़ी के आवरण में प्रकृति के रंगों के संग मिलकर हरियाली को जैसे आंचल में ही समेट लिया।

### सोनगंगा कालोनी में सुंदरकाण्ड का पाठ



बिलासपुर। सावन मास की महत्ता को देखते हुए सोनगंगा कालोनी में महिलाओं ने मंगलवार को सामूहिक सुंदरकाण्ड का पाठ किया। इस दौरान सनातन धर्म व धार्मिक परंपरानुसार ढोलक, मंजीरे की धुन पर भजन कीर्तन किया गया। इसे ब्राह्मण समाज की मीनू दुबे, रानू गुप्ता एण्ड टीम ने एक से बढ़ कर एक भक्तिमय गीत गाकर संपन्न कराया। इससे माहौल आध्यात्ममय बना रहा। चांदनी सक्सेना के निवास स्थान में यह आयोजन लायंस क्लब वसुंधरा की अध्यक्ष रश्मिलता मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। अंत में महाआरती कर श्रीमती सक्सेना ने अपने जन्मदिवस के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी बहनों को रिटन गिफ्ट दिया। इस मौके पर सचिव अर्चना तिवारी, विनीता मिश्रा, डॉ शोभा त्रिपाठी, सुधा परिहार, मंजू तिवारी, हंसा सेलारका, शोभा चाहिल, गायत्री कश्यप, संजना, मंजू मिश्रा, सावित्री जायसवाल

### रामसेतु में हनुमान चालीसा का पाठ

श्री हनुमान सेवा समिति एवं मित्रगणों द्वारा माह के प्रथम मंगलवार को दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर रामसेतु चौक में हनुमान चालीसा का महापाठ, महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर हनुमान भक्त भारी संख्या में उपस्थित थे। ज्ञात हो कि माह के पहले मंगलवार को हर महिने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया जाता है। इसी क्रम में यह आयोजन किया गया। इस आयोजन को लेकर लोगों में काफी उत्साह रहता है और पूरे मनोयोग से भाग लेकर पाठ करते हैं।



## कार्नर न्यूज

### रफी साहब व किशोर कुमार के मधुर गीतों की प्रस्तुति, किया याद



ज्येष्ठ नागरिक संघ के वरिष्ठ सदस्यों ने यादें रफी, किशोर का संगीत मय कार्यक्रम रखा रफी साहब और किशोर कुमार को अपने मधुर गीतों की प्रस्तुति के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। यह आयोजन अनुभव भवन बृहस्पति बाजार में किया गया,कार्यक्रम में 27 वरिष्ठ जन सदस्यों ने रफी साहब और किशोर के गीतों की खूबसूरत प्रस्तुति दी संस्था द्वारा प्रतिभागियों को ट्रॉफी प्रदान की गई। अध्यक्ष अरविंद दीक्षित के द्वारा सरस्वती मां के चित्र पर माल्यार्पण एवं अगरबत्ती लगाकर प्रारंभ की गई मां शारदे का स्तुति गान चंपा भट्टाचार्य, पी. तारक राम राव, रविंद्र मिश्रा ने किया। 65 से 80 वर्ष के बीच 27 महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों ने इसमें शामिल हुए जिनमें प्रमुख रूप से बीपी दुबे, बैजनाथ सैनी, पी.आर. टी राव, सुधाकर बिबे, अरविन्द दीक्षित, हरीश मगर, जगदीश सलूजा, अरविन्द दिवाकीर्ति, पूनम सोनी आदि उपस्थित रहे।

## किशोर कुमार नाइट में वैष्णवी ने बाजी मारी

सोमवार 4 अगस्त को प्रसिद्ध गायक किशोर कुमार के जन्मदिवस पर किशोर कुमार नाइट और सिंगिंग कम्पीटिशन का आयोजन किया गया। इसमें 65 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें शानदार गायन की प्रस्तुति देकर एम वैष्णवी ने विनर होने का गौरव हासिल किया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

पीटर मुदलियार आर्केस्ट्री हार्टबीट तारबाहर के नेतृत्व में लखीराम आडिटोरियम में प्रसिद्ध गायब किशोर कुमार के जन्मदिन पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 3 बजे से शुरु किया गया। इस प्रतियोगिता से पहले हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों का स्वर परीक्षण किया गया था, जिसमें 150 से अधिक प्रतिभागियों में से 65 प्रतिभागियों का चयन फाइनल के लिए किया गया। प्रतियोगिता में शामिल हुए प्रतिभागियों में 18 वर्ष से अधिक युवा और वरिष्ठ शामिल थे, जिन्होंने मोहम्मद रफी, किशोर कुमार, मुकेश, लता मंगेशकर, आशा भोंसले के गाए गीतों को प्रस्तुत किया। इस दौरान जज शिवरीनारायण से शरद पाण्डेय, भिलाई से कबिन्द्र बर्मन, लता बर्मन थे। सभी जजों ने 65 प्रतिभागियों के गाए गीतों के बाद 15 का चयन फाइनल के लिए किया। इसमें शानदार प्रस्तुति देने पर एम वैष्णवी को प्रथम स्थान दिया गया। वहीं दूसरे नम्बर पर त्रिशिखा प्रसाद, तीसरे नंबर सुभांशु घोष रहे। वहीं पांच प्रतिभागियों को सांतवना पुरस्कार भी वितरित किया गया। इस अवसर पर मंच पर पीटर मुदलियार, दीपक मिश्रा, अमन कुलपहाड़ी, मधुसूदन चटर्जी, बबलू गंधर्व, नेल्शन मुदलियार, मोहम्मद अशरफ, भूपेन्द्र मनहरे, उमाशंकर, एलिशा मुदलियार ने वाद्य यंत्र की प्रस्तुति दी।





## खबर संक्षेप

### ब्लाक कालोनी में श्रीमद् भागवत कथा 19 तक

**तखतपुर।** श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन कश्यप निवास ब्लाक कालोनी तखतपुर में 12 से 19 अगस्त तक किया गया है। जिसमें कथा वाचक पं विश्वनाथ उपाध्याय है। तैयारी में मोंगरा बाई, बृजमोहन, रंगी लाल, रामाधुन कश्यप, पुरूषोत्तम, पन्ना लाल कश्यप सहित अन्य जुटे हुए हैं।

### जमुनाही स्कूल में गणवेश वितरण



**लोरमी।** शासकीय प्राथमिक शाला जमुनाही में गणवेश वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच चंद्रमणि साहू रहे एवं उन्होंने बच्चों को गणवेश वितरित कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सभी को मन लगाकर पढ़ाई करना चाहिए, शिक्षा ही विकास की कुंजी है। शिक्षा के माध्यम से बच्चों को अपने अधिकार व कर्तव्य का बोध होता है। उन्होंने बालिका शिक्षा को बढ़ावा देते हुए सरकार की बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने चलाई जा रही योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक कृष्ण कुमार सोनी, शिक्षिका लक्ष्मी ध्रुव, शिरोमणि साहू, रसोईया ललिता यादव, जलेश्वरी निषाद सहित शाला के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### महिलाओं ने किया सावन सुंदरी कार्यक्रम का आयोजन



**करगी रोड कोटा।** पंचमुखी हनुमान मंदिर मंडली हटरीपारा की महिलाओं की ओर से 'सावन सुंदरी' कार्यक्रम का आयोजन पीके रेस्टोरेंट में किया गया। कार्यक्रम में पारंपरिक वेशभूषा, गीत-संगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ महिलाओं ने सावन का स्वागत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नव निर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू रहीं। उन्होंने ऐसे आयोजनों को महिलाओं के सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण के लिए प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर नेहा संतोष मिश्रा सावन सुंदरी चुनी गईं। साथ ही नेहा गुप्ता, ज्योति सिंह सहित महिला मंडली की अनेक महिलाओं ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया, और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम को रंगारंग बनाया।

# दलदल और जानलेवा गड्ढों में तब्दील हुई सड़कें



कीचड़युक्त सड़क पर गड्ढे में भरा पानी।

**सेतगंगा-मुंगेली**

जिले की कई ग्राम पंचायतों के संपर्क मार्ग इन दिनों बदहाल हैं। बीजातराई से केशली, झिटकनियां से मानपुर, सेतगंगा से गोरखपुर, बोद्वा परसवारा, केशतरा से दुल्लापुर सहित कई गांव की मुख्य सड़कें बरसात के मौसम में दलदल और जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। यह स्थिति शासन प्रशासन की घोर लापरवाही और जनप्रतिनिधियो के खोखले वादों की पोल खोल रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई वर्षो से सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। चुनाव के बाद सरकार और विभाग के अधिकारी सब कुछ भूल जाते है। अब हालात इतने खराब हो चुके है कि लोगो को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है। जिला मुख्यालय से महज 22 किमी दूर सेतगंगा-गोरखपुर, बोद्वा, परसवारा, छटन एक दशक से खराब सड़क के चलते आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात शुरू होते ही इन गड्ढों में पानी भर जाने से इन रास्तों पर से गुजरना खतरे से खाली नहीं है। ग्रामीण-कन्हैया सिंह बैस, नीरज केशरवानी, योगेश केशरवानी, कुश जायसवाल, योगेश उपाध्याय, संजय साहू, सोभू साहू, धर्मेन्द्र घृतलहरे, शिवकुमार उपाध्याय, दादू उपाध्याय, रमेश यादव, लोचन यादव, जगदीश यादव का कहना है कि कई दफा इन गड्ढों की वजह से इस रास्ते पर गुजरने वाले राहगीर मोटर सायकल से गिर कर दुर्घटनाओं का शिकार हो चुके है। हालंकि आज पर्यन्त इस खराब सड़क के कारण किसी की जान नहीं गई है, लेकिन जल्द इन सड़कों की मरम्मत कर सुधारा नहीं गया तो, कभी भी कोई राहगीर अपनी जान से हाथ धो सकता है। भाजपा नेता डॉ सुरेश केशरवानी ने बताया कि 20 वर्ष पूर्व पीडब्ल्यूडी विभाग ने सेतगंगा, गोरखपुर, बोद्वा, परसवारा मार्ग का निर्माण कराया था, जो इन दिनों अपनी दुर्दशा पर आसूं बहा रहा है। बता दे कि इस मार्ग पर 20 गांवो से बच्चे अपनी भविष्य गढ़ने सेतगंगा फास्टरपुर स्कूल व कालेज आवागमन करते हैं एवं आए दिन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

### फास्टरपुर-कुण्डा सड़क की मरम्मत शुरू, भरे जा रहे गड्ढे



**मुंगेली**

जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में ग्रामीणों ने फास्टरपुर-कुण्डा मार्ग की खराब स्थिति से अवगत कराते हुए उसकी मरम्मत कराने की मांग की गई थी, जिस पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने तत्काल सड़क मरम्मत के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। निर्देश के परिपालन में लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने फास्टरपुर-कुण्डा मार्ग का निरीक्षण किया और आवश्यक मटेरियल की व्यवस्था कर पंडित चैक एवं पेट्रोल पंप के पास गड्ढों को भरने का कार्य प्रारंभ किया गया। उन्होंने बताया कि मरम्मत कार्य की लगभग पूर्ण कर लिया गया है, जल्द ही लोगों को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी।



जरहागांव

### महामाया मंदिर के सामने गली में कीचड़ ही कीचड़

नगर पंचायत के महामाया मंदिर के सामने वाले गली दलदल में तब्दील हो गई है। वहां के रहवासियों को इस गली में पैदल चलना मुश्किल हो गया है। वार्ड वासियों ने बताया कि चाहे बरसात हो या कोई भी मौसम हो उक्त रास्ते पर कीचड़ रहता ही है। वहां पर नाली बंद है और वहां पर नई नाली निर्माण कराने की आवश्यकता है। रहवासियों ने बताया कि दलदल होने के कारण इस गली में पैदल चलना दूभर हो गया है। वहां से बाइक, सायकल का आना जाना बंद हो गया है। कीचड़ होने के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। नगर पंचायत जरहागांव के अध्यक्ष प्रतिनिधि वेदप्रकाश कश्यप ने बताया कि नाली निर्माण कराने हेतु स्टीमेट पास कराकर ठेकेदार को दे दिया गया है। ठेकेदार ने सप्ताह के अंदर काम शुरू करने की बात कही गई है।

# हादसे को निमंत्रण दे रहा जर्जर स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



विकासखंड मुख्यालय से मात्र 8 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम औराबांधा की शासकीय प्राथमिक शाला भवन की हालत अत्यंत जर्जर है। छत का प्लास्टर गिर रहा है एवं विद्यार्थी व शिक्षक जान जोखिम में डालकर अध्ययन कार्य संपादित हो रहा है। भवन एवं किचन शेड पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका है, जिसमें बैठकर बच्चों की पढ़ाई संभव नहीं है।

जानकारी के अनुसार शाला परिसर में अतिरिक्त कमरा उपलब्ध नहीं होने के कारण इसी जर्जर कक्षा में कक्षाएं लगाई जा रही हैं। शाला भवन की जर्जर स्थिति की सूचना उच्च कार्यालय को भी दी जा चुकी है, लेकिन इस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हई है। प्रधान पाठक दिनेश सिंह राजपूत ने बताया कि छत की स्थिति इतनी जर्जर है कि, किसी गंभीर हादसे की आशंका अक्सर बनी रहती है। इसी प्रकार बच्चों के लिए मध्यान भोजन तैयार करने के लिए किचन शेड की व्यवस्था नहीं है। शिक्षक ने प्रशासनिक अमले से विद्यालय की सुध लेकर बच्चों को सुरक्षित वातावरण में अध्यापन कार्य सुचारू रूप से चलाने में सहायता करने की मांग की है। उक्त जानकारी शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष देवलाल साहू एवं मनोजदास मानिकपुरी ने दी।

### जानकारी दी गई

प्राथमिक व मिडिल स्कूल भवन की छत मरम्मत के लिए जिला शिक्षा अधिकारी को लिखित में जानकारी दी गई है।

**- मनीषा पाटले,** बीईओ

# डिप्टी सीएम साव को ज्ञापन सौंपने जा रहे युंकाई नजरबंद, घर से किए गए गिरफ्तार

**पेंड्रा।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने एकदिवसीय जीपीएम दौरे पर थे, लेकिन इस दौरे के दौरान एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हो गया। जिले की गंभीर जनसमस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घरों से उठाकर नजरबंद कर दिया।



इस युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों का कहना है कि वे बेरोजगारी, अधूरे विकास कार्य, बिजली-पानी संकट, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली, जुआ-सट्टा और नशे के बढ़ते कारोबार, किसानों को खाद की कमी, जल जीवन मिशन में लापरवाही, और जर्जर सड़कों जैसी गंभीर समस्याओं पर उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने जा रहे थे। लेकिन सुबह करीब 10 बजे ज्ञापन देने निकलने से पहले ही कोटमी पुलिस ने जिला अध्यक्ष अमन शर्मा और उनके साथियों को उनके घर से हिरासत में ले लिया। इसी तरह गौरेला पुलिस ने जिला महासचिव रवि राय और उनके साथियों को घर से उठाकर नजरबंद कर दिया। युवा कांग्रेस को समर्थन देने कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, पूर्व नपा उपाध्यक्ष पंकज तिवारी, गौरेला ब्लॉक अध्यक्ष अमोल पाठक, श्रीकांत मिश्रा भी पहुंचे थे। घटना के समय जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस अमन शर्मा, राष्ट्रीय सह सचिव प्रीति मांझी, जिला उपाध्यक्ष एवनपाल पैकरा, जिला महासचिव रवि राय, सुल्तान खान, राजकमल केशरी, सोशल मीडिया निलेश गुर्जर, पार्षद निलेश साहू, अमित पाठक, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अनुज ताम्रकार, कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, सचिन अग्निहोत्री, पिंटू मोगरे, अनस, पारस ताम्रकार, आयुष सोनी, विक्की वासुदेव, यश शर्मा सहित अन्य युवा कांग्रेसी शामिल रहे। युवा कांग्रेस ने साफ कहा कि अगर समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम नहीं उठाए गए और इस तरह की कार्रवाई बंद नहीं हुई, तो जिला स्तर पर बड़ा और उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# कांग्रेस ब्लॉक प्रभारी त्रिपाठी ने ली बैठक



**जरहागांव।** कांग्रेस के ब्लॉक प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने संगठन के मंडल गठन हेतु बैठक आयोजित की, जिसमें पार्टी को संगठनत्मक दृष्टि से मजबूत बनाने को लेकर चर्चा हुई।

जरहागांव को पांच मंडलों में बांटा गया एवं मंडलों पर अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति हेतु विस्तृत चर्चा की गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष घनश्याम वर्मा व जिला के मंडल गठन प्रभारी पंकज शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में मनीष त्रिपाठी ने कहा कि, आज कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाने एवं कांग्रेस पार्टी के विस्तार हेतु हमारे नेता राहुल गांधी की सोच को आगे बढ़ाना है। ब्लॉक अध्यक्ष रामचंद्र साहू ने कहा कि, कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता परिवार के एक-एक सदस्य के समान है। सेवादल जिलाध्यक्ष दिलीप बंजारे ने कहा कांग्रेस पार्टी की शक्ति कार्यकर्ताओं से है, कार्यकर्ताओ को आने वाले समय के लिए संगठित होने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का संचालन जरहागांव बरेला मंडल के प्रभारी टेकलाल निर्मलकर ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नपा नेता प्रतिपक्ष सालिक बंजारे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता नोहर चतुर्वेदी, ब्लॉक के वरिष्ठ कांग्रेसी टेकसिंग क्षत्री, मदन लाल पटेल, ओंकार पटेल, तारिणी विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

### रेस्टोरेंट व फूड दुकानों से लिया गया खाद्य पदार्थों का सैंपल



**मुंगेली।** शासन के निर्देशानुसार नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'बने खाबो, बने रहिबो' अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिले के फूड व मिठाई दुकान, रेस्टोरेंट और किराना दुकानों में खाद्य सामग्रियों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पुष्पा खाखा ने जिला मुख्यालय स्थित आनंद चाट भंडार से आलू चाट, वैष्णव रेस्टोरेंट से सांभर, अमीर-गरीब होटल से पेड़ा एवं बादाम बर्फी, देवांगन हॉटल से लूज मगज लड्डू व बेसन लड्डू का नमूना संकलित किया। इसी तरह नगर पंचायत पथरिया में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल ने गुलाब स्वीट्स अमोरा से मोतीचूर लड्डू, नरेन्द्र डेली नीड्स अमोरा से काजू डायमंड बर्फी एवं मसूर पाक, दक्ष डेली नीड्स कुकुसदा से लाल रसगुल्ला और जय श्रीश्याम किराना कुकुसदा से नारियल लड्डू व बीबीआर स्वीट्स का नमूना संकलित कर जांच हेतु रायपुर स्थित राज्य प्रयोगशाला भेजा।

### सेमरताल स्कूल में पालक-शिक्षक बैठक

**सेमरताल।** शासकीय उमा शाला सेमरताल में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार शनिवार 2 अगस्त को मेगा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अभ्यागत के रुप में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुरेन्द्र पांडेय, अति विशिष्ट अभ्यागत ग्राम पंचायत सेमरताल के सरपंच धनित्तर सूर्यवंशी एवं विशिष्ट अभ्यागत प्रबंध समिति सदस्य च्यवन



सूर्यवंशी, समिति सदस्य अमित राव मराठा एवं पंच प्रतिनिधि रामकिशोर यादव मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता विघालय के प्राचार्य अनिल वर्मा ने की। बैठक में संकुल समन्वयक ओमप्रकाश वर्मा, प्रधान पाठक शांति तिर्की, प्रधान पाठक अनुप नूतन कुजूर, प्रधान पाठक इंदिरा कश्यप, शिक्षक राजेश्वरी देवांगन, व्याख्याता सीमा ठाकुर , व्याख्याता जागेश्वरी पाण्डेय, वर्षा भट्ट, चंदन सारखेल, रुपाली श्रीवास्तव, अभिलाषा मिश्रा, शैली यादव, पद्मा द्विवेदी, अदिति दुबे, ज्योति साहू , बीना सिंह, ग्रंथपाल टीआर लहरे, व्यायाम शिक्षक संदीप त्रिपाठी, उच्च वर्ग शिक्षक प्रदीप मुखर्जी, अनिता बोरकर, सुमन कौशिक, क्रांति सिंगरौल एवं बालमुकुंद शर्मा मौजूद रहे। बैठक का संचालन व्याख्याता सीमा ठाकुर एवं आभार प्रदर्शन व्याख्याता पद्मा द्विवेदी ने किया।


**सूचना**

विदित हो की मौजा-बहतराई पटवारी हलका नं.-48 रकबा 23 डिसमिल का सीमांकन आवेदक मांडवी शर्मा का सीमांकन 12/8/2025 को निश्चित हुआ है। कोई भी आपत्ती यदि हो तो उसके पूर्व दर्ज कारायें सभी पक्षधरो को सूत्रित करने के बाद ये प्रेषित किया जा रहा है।

मो. 9755387766


# किसानों ने मांगों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



नपा नेता प्रतिपक्ष के नेतृत्व में किसानों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर भारत सागर बांध से पानी खोलने एवं आवारा पशुओं से निजात दिलाने की मांग की।

किसानों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है, कि राम्हेपुर, तुलसाघाट, महरपुर के वर्षा नहीं होने के कारण किसानों के कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। किसानों ने एसडीएम से निवेदन किया कि भारत सागर में पानी का भराव हो चुका है, भारत सागर की नहर खोलने से किसानों को बहुत राहत मिलेगी। साथ ही किसानों की फसल नुकसान पहुंचाते अवारा पशुओं के संबंध में किसानों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम राम्हेपुर वार्ड 14,15,16,17,18 के किसानों ने अवारा पशुओं के द्वारा किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाने को लेकर बैठक की, जिसमें किसानों ने राम्हेपुर, तुलसाघाट, महरपुर, लोरमी एवं नगर पालिका व कोटवार एवं किसानो के माध्यम से पशु पालकों को निर्देशित किया गया। लेकिन कुछ पशु पालक इस पर भी नहीं मान रहे हैं, जिससे अवारा पशुओं के कारण किसानों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। किसानों ने मामले पर उचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में नपा पार्षद नेताप्रतिपक्ष सालिक बंजारे, बेदीराम यादव, कमलेश साहू, शत्रुघ्न, दिनेश साहू, सीताराम, सोनू कश्यप, नरेश साहू, अशोक, मोहन, रूपेश, परमेश्वर डड़सेना, अमर, शहीद खान, बुद्धू, दुर्गा साहू, दिलीप साहू सहित आदि शामिल रहे। एसडीएम अजीत पुजारी ने बताया कि किसानों ने ज्ञापन दिया है, जल्द ही इस पर कार्रवाई की जाएगी।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरा पुराना नाम चरनपाल सिंह पिता बलबीर सिंह अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम चरनपाल सिंह अरोरा पिता बलबीर सिंह अरोरा निवास- 4/732 अयोध्या नगर, सेंट फ्रांसिस स्कुल के पास बिलासपुर (छ.ग.) रख लिया हूँ।

अत: अब मुझे भविष्य मे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों मे नाय नाम चरणपाल सिंह अरोरा पिता बलबीर सिंह अरोरा जाना एवं पहचाना जाये।

शपथकर्ता
चरणपाल सिंह अरोरा
पिता बलबीर सिंह अरोरा
4/732 अयोध्या नगर
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम - नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27
तह. लोरमी, जिला मुंगेली
पक्षकार- श्री रामनाथ बनाम छ.ग. शासन

आवेदक श्री रामनाथ पिता टेकचंद, जाति तेली, निवासी ग्राम बघर्रा, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वतः के नाम पर ग्राम नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27, रा. नि.मं. लोरमी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 132/3 रकबा 0.0650 हेक्टे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, अधिकार अभिलेख, मिशल की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपति दावा प्रस्तुत करना चाहते है तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. /अ-2/2024-25
ग्राम - नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27
तह. लोरमी, जिला मुंगेली
पक्षकार- श्री रामनाथ बनाम छ.ग. शासन

आवेदक श्री रामनाथ पिता टेकचंद, जाति तेली, निवासी ग्राम बघर्रा, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा अपने स्वतः के नाम पर ग्राम नवागांव वेंकट, प.ह.नं. 27, रा.नि.मं. लोरमी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली स्थित भूमि ख.नं. 132/1 रकबा 0.0650 हेक्टे. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन किये जाने आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा, अधिकार अभिलेख, मिशल की प्रति प्रस्तुत किया गया।

उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2025 को इस न्यायालय में की जावेगी। यदि कोई व्यक्ति उपरोक्त भूमि व्यपवर्तन के संबंध में उजर आपत्ति दावा प्रस्तुत करना चाहते हैं तो निर्धारित तिथि तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। उसके उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

उपरोक्त उद्घोषणा आज दिनांक 04.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी की गई।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जरहागांव**
**उद्घोषणा**
रा.प्र.क्र. ..../ब-121/2024-25
ग्राम पदमपुर प.ह.नं. 14

एतद् द्वारा समस्त ग्रामवासी ग्राम पदमपुर वालो को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका श्री/ श्रीमती/ कु. सरजू लहरे पिता/ पति सीताराम जाति सतनामी निवासी ग्राम पदमपुर तहसील जरहागांव जिला मुंगेली छ.ग. द्वारा अपने पुत्र आकाश के जन्म दिनांक 20.07.2007 को ग्राम पंचायत पदमपुर में दर्ज करने हेतु आदेश जारी करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, अतः इस संबंध में जिस किसी को कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे दिनांक 11.08.2025 को प्रातः 11 बजे तक मेरे न्यायालय तहसील जरहागांव में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/07/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा को अधीन जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
जरहागांव

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री शांतनु खण्डेलवाल पिता श्री सुधीर खण्डेलवाल उम्र 47 वर्ष पेशा-व्यापार, निवासी-ग्रीन गार्डन कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत व नियुक्त होकर उनके कहे व बताये अनुसार निम्न आशय का आम सूचना पत्र का प्रकाशन कराता हूं कि श्री रोहित पिता स्व. उमराव जाति सतनामी पता गणेश नगर चुचुहियापारा खसरा नं 463/3, 469/1, 470/3, कुल रकबा 0.99 हे. (0.24 ए.) देवकी बाई पति रोहित कुमार जाति सतनामी पता गणेश नगर चुचुहियापारा खसरा नं 455/2, रकबा 0.361 हे. (0.89 ए.) एवं कृष्ण कुमार व हरिश दोनों पिता रोहित पता गणेश नगर चुचुहियापारा खसरा नं 455/4, 463/1, 469/2, 469/3 एवं 462/2 कुल रकबा 0.3873 हे. (0.96 ए.) उपरोक्त किसानो की भूमि को श्री प्रकाश कुमार गुप्ता पिता आर. एल. गुप्ता उम्र 50 वर्ष जाति गुप्ता पेशा निवासी चंदेला नगर, रिंग रोड नंबर 02 बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा अनुबंधित कर उपरोक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार से बिक्री करने का पक्का सौदा कर एक लिखित इकरारनामा दो गवाहों के समक्ष निष्पादित किया गया है जिसका शीघ्र ही विक्रय कर पंजीयन किया जाना तय हुआ है।

अतः कोई भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्थाएं, बैंक अथवा निकाय को उपरोक्त संपत्ति/भूमि के क्रय विक्रय संव्यवहार के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति 15 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में लिखित एवं दस्तावेज सहित प्रस्तुत करे, समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत की गई दावा आपत्ति शून्य होगा। सो सूचना जाने।

भवदीय
अनुराग पाण्डेय (अधिवक्ता)
छ.ग. उच्च न्यायालय बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9893903084

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**
**पीठासीन सुश्री नारायणी कच्छप**
रज्जू यादव.... वादी
बनाम
ताराचंद वगैरह.... प्रतिवादीगण
प्रोसेस नं. 119/25
व्य.वा.क्र 60ए/2024
पेशी दिनांक 28.08.2025
**सूचना**

प्रति, 1. रूपा यादव आत्मज स्व. सरजू यादव उम्र 48 वर्ष जाति-यादव, निवासी ग्राम देवार मोहल्ला, हकीम नगर सरगांव, तहसील व जिला-मुंगेली (छ.ग.) मो. 9109844134 2. शिवकुमार आत्मज स्व. समारू यादव उम्र 50 वर्ष 3. शिव यादव आत्मज स्व. समारू यादव उम्र 45 वर्ष क्र. 02 व 03 दोनों जाति यादव, निवासी ग्राम सिंगारपुर मावली मंदिर के पास, तहसील भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार छ.ग. मो. 9171552065 4. परदेशनीन आत्मजा स्व. समारू यादव उम्र 48 वर्ष जाति-यादव, निवासी ग्राम मगरसला, तहसील-बोदरी जिला-बिलासपुर छ.ग. मो. 8081324543 5. रजीना यादव आत्मज स्व. माधो यादव (पति श्री भुण्डा यादव) उम्र 62 वर्ष जाति-यादव, निवासी ग्राम-नया मस्जिद के पास सरगांव, जिला-मुंगेली छ.ग. 9753545597

आपके विरूद्ध वादी रज्जू यादव आत्मज स्व. माधो यादव, जाति-यादव, निवासी ग्राम-पोंड़ी, तहसील पथरिया, जिला-मुंगेली छ.ग. द्वारा व्यवहार वाद पेश किया है। जिसमें आपकी उपस्थिति हेतु पूर्व में कई बार सूचना प्रेषित किया गया किन्तु समुचित तामिली नहीं होने के कारण समाचार पत्र के माध्यम से आप प्रतिवादीगण को उपर्युक्त प्रकरण में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर प्रतिरक्षा किये जाने हेतु सूचना प्रकाशन कराया जा रहा है। उपर्युक्त व्यवहार वाद में आगामी सुनवायी हेतु पेशी दिनांक 28.08.2025 नियत है। जिसमें उपर्युक्त सुनवायी दिनांक को आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालयीन समय 10:30 बजे उपस्थित होकर अपने पक्ष समर्थन में समुचित प्रतिरक्षा कर सकते है। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए प्रकरण में आगे विचारण किया जावेगा। यदि पेशी दिनांक 28.08.2025 को अवकाश घोषित किया जाता है तो उसके अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

आज दिनांक 28.07.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया। दिनांक 28.07.2025

(सुश्री नारायणी कच्छप)
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश, मुंगेली (छ.ग.)

**न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी श्री अनुप तिग्गा )**
व्य.वाद.क्र.-21-ए/2025
आदेश दिनांक-16/07/2025
पेशी तारीख - 29/08/2025
प्रोसेस क्रमांक-92
सुरेन्द्र नाथ चावड़ा.... वादी
विरूद्ध
दिलीप कुमार दास वगैरह...... प्रतिवादीगण

दिलीप कुमार दास आत्मज स्व0 सनातन दास उम्र 64 वर्ष निवासी-सुमित्रा विहार मुर्रा भट्ठा के सामने तोरवा, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) .... प्रतिवादी क्र. 01

आपके विरूद्ध इस न्यायालय में वादी के द्वारा व्यवहार वाद क्र.-21-ए/2025 प्रस्तुत की गई है जिसकी आगामी पेशी तिथि 29/08/2025 है आपको इस न्यायालय में दिनांक 29/08/2025 को समय 11:00 बजे उक्त प्रकरण का उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये नोटिस/ समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं / रीडर या अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात/ उपस्थित हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस आवेदन से सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके तथा उन सभी दस्तावेजो को पेश करने के लिये तैयार रहे जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है।

इस समंस / नोटिस के द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि इस उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं हो सकेगें तो आपके विरूद्ध उक्त प्रकरण में एकपक्षीय कार्यवाही करते हुये दावा का निपटारा आपके अनुपस्थित में किया जायेगा। यदि न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अवकाश में रहते है या किसी कारणवश उक्त पेशी तारीख 29/08/2025 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 04/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।

स्थान बिलासपुर (छ.ग.)
दिनांक 04.08.2025

(अनूप तिग्गा)
न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी के चतुर्थ न्यायाधीश
बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बिलासपुर**
**जिला-बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**
**सूचना**
राजस्व रिकार्ड दुरूस्ती
ई.रा.प्र.क्र. 202409072400004/अ-6-अ/2023-24
मौजा-जूना बिलासपुर तहसील-बिलासपुर
आदम अली वनक
निवासी जूनी लाईन बिलासपुर... अपीलार्थी
बनाम
छ.ग. शासन .... अनावेदक

प्रति, 1. ख.नं. 613/1 भूमिस्वामी प्रमित नियोगी वगै. 2. ख.नं. 613/2 शेख अकलू पिता शेख बाबा 3. ख.नं. 613/3 शेख रमजान पिता शेख शकुर 4. ख.नं. 613/5 सुरजीत सिंह भाटिया पिता हरवंश सिंह भाटिया 5. ख.नं. 613/6 नरेश कुमार पिता तेजमूल 6. ख.नं. 613/7 प्रखर पांडे पिता प्रेमजी पांडे 7. ख.नं. 613/8 अमोलक सिंह भाटिया पिता हरवंश सिंह भाटिया 8. ख.नं. 613/9 गुरमीत सिंह भाटियापिता हरवंश सिंह भाटिया 9. ख.नं. 613/10 शमी उल्ला खान वगै. 10. ख.नं. 613/12 सुभाष चन्द्र अग्रवाल पिता फतेचन्द्र अग्रवाल 11. ख.नं. 613/13 गुलशन लाल सलूजा पिता नारायण सलूजा 12. ख.नं. 613/14 सिध्दि अग्रवाल पति अंकित अग्रवाल सभी निवासी ग्राम जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
विषय:- पेशी में उपस्थित होने बावत।

इस न्यायालय में अपीलार्थी आदम अली पिता स्व. इब्राहीम भाई निवासी जूनीलाईन बिलासपुर छ.ग. द्वारा छ.ग. भू-राजस्व की संहिता 1959 धारा 115 के तहत मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 ख.नं. 613/4 व 613/11 का रकबा 3839 वर्गफिट सुधार किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त प्रकरण की सुनवाई 18.08.2025 को अधोहस्ताक्षरर्ता के न्यायालय में नियत है।

एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है कि, आप उक्त प्रकरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक न में 3.00 बजे स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रकरण में भाग ले सकता है। अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उक्त नियत दिनांक को अवकाश घोषित हो जाता है, तो प्रकरण की सुनवाई आगामी न्यायालयीन दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 04/08/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
बिलासपुर (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### 99 जरूरतमंद बच्चों को बांटा गया स्टेशनरी का सामान



**बिलासपुर।** अधिवक्ता सीमा वर्मा के एक रुपया मुहिम के अंतर्गत स्टेशनरी संचालक अनीश कुमार गुप्ता ने तालापारा के 99 जरूरतमंद बच्चों को कॉपी पेंसिल, स्केल, शॉपनर, रबर, क्रेयॉन कलर बांटा गया। एक रुपए मुहिम समाज सेविका सीमा वर्मा द्वारा शुरू की गई एक पहल है। जिसका उद्देश्य लोगों से सिर्फ एक रुपया दान मांगकर ज़रूरतमंद बच्चों की शिक्षा और अन्य ज़रूरतों को पूरा करना है। यह अभियान यह साबित करता है कि छोटे-छोटे योगदान भी मिलकर एक बड़ा बदलाव ला सकता है। हजारों बच्चों की ज़िंदगी संवार सकता है। अभियान का उद्देश्य शिक्षा में मदद, इस मुहिम का सबसे प्रमुख काम ज़रूरतमंद बच्चों की शिक्षा का खर्च उठाना है, जिसमें उनकी फीस और अन्य ज़रूरतों का ख्याल रखा जाता है।

### भूतपूर्व केंद्रीय अर्ध सैनिक कल्याण संघ ने की कल्याणकारी नीतियों पर चर्चा



**बिलासपुर।** भूतपूर्व केंद्रीय अर्धसैनिक कल्याण संघ छत्तीसगढ द्वारा 3 अगस्त को त्रैमासिक बैठक टेकराम साहू की अध्यक्षता में हुई। संघ की कल्याणकारी नीतियों सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई। जिसमें उपाध्यक्ष कुमार साहू, सचिव कमलेश कुमार चौबे, सह सचिव रामगोपाल वटटी, कोषाध्यक्ष पवन तुलावी, उप कोषाध्यक्ष दिलीप खरे, गणेश्वर पटेल, निति प्रकाश सेडे एवं रेवाराम साहू, कार्य कारणी सदस्य विनोद कुमार सोरी, संतोष कुमार वर्मा, कल्याण वर्मा, घनश्याम वर्मा, बीआर साहू, नेमीचंद भारती एवं प्यारे लाल ध्रुव के साथ राज्य के सभी जिलों से सदस्यों मौजूद थे। पूर्व अध्यक्ष टेकराम साहू ने आभार व्यक्त किया। संतोष वर्मा ने कोर कमेटी द्वारा नियमावली एवं वित्तीय प्रबंधन संबंधी नियमावली से रुबरु कराया। बैठक में संगठनात्मक नियमावली, अगामी कार्यक्रम, पूर्व अर्धसैनिकों के हितैसी और समाज कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में कल्याण संघ की सदस्यता, निष्कासन एवं वित्तीय नियमावली का सिरोद्धार करने,आगामी राज्य स्तरीय सम्मलेन का आयोजन, संघ के नए सदस्यो की नामांकन प्रक्रिया। संघ की कल्याणकारी नीतियों पर परिचर्चा की गई। संगठन की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने सभाग स्तर के पदाधिकारियों के चुनाव प्रक्रिया भी संपन्न हुई।

### बॉक्सिंग राष्ट्रीय स्पर्धा में आधारशिला न्यू सैनिक स्कूल की छात्रा का चयन



**बिलासपुर।** आधारशिला विद्या मंदिर न्यू सैनिक स्कूल के कक्षा आठवीं की छात्रा शताक्षी सिंह परिहार 17 वीं सब जूनियर टेस्ट बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान प्राप्त की। शताक्षी सिंह परिहार अपनी इस उपलब्धि से ग्रेटर नोएडा गलगोटिया विश्व विद्यालय में आयोजित फोर्थ सबजूनियर बॉक्सिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी बनने में सफल हुई। शताक्षी 17वीं राज्य स्तरीय सबजूनियर बॉक्सिंग प्रतियोगिता में 37-40 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त की है। यह उपलब्धि शताक्षी की रुचि,लगन और अथक परिश्रम का परिणाम है। शताक्षी एक होनहार अनुशासित व शिक्षकप्रिय छात्रा है, इसकी जितनी रुचि खेल में है उतनी ही रुचि पढ़ाई में भी है। ग्रेटर नोएडा गलगोटिया विश्वविद्यालय में आयोजित 4वें सबजूनियर बॉक्सिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुईं। विद्यालय के चेयरमैन डॉ अजय श्रीवास्तव ने शताक्षी सिंह परिहार के उपलब्धि की बधाई दी और सबजूनियर बॉक्सिंग राष्ट्रीय प्रतियोगिता में की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के डायरेक्टर एस के जनास्वामी और प्राचार्या आर मधुलिका ने शताक्षी के कार्य, लगन व व्यवहार की प्रशंसा की।

## पृष्ठ 1 का शेष..

### कोर्ट ने पूछा- कब तक...

करने कहा है कि सडकें कब तक बन जाएंगी। दो सप्ताह बाद मामले की अगली सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान निगम की ओर से कहा गया कि अपोलो वाली सड़क, जो कि बसंत विहार चौक से अपोलो अस्पताल तक है, को चौड़ा करने का काम हाईकोर्ट के निर्देश पर किया जा रहा है। निगम ने अतिक्रमण हटाकर सड़क चौड़ीकरण का काम शुरू कर दिया है और 6 मई को वर्कऑर्डर भी जारी किया गया है। काम तेजी से जारी है। सड़क 80 फिट चौड़ी होगी और दोनों तरफ नाली बनाया जाएगा। निगम के मुताबिक बसंत विहार चौक से मानसी गेस्ट हाउस होते हुए रपटा तक की सड़क को भी चौड़ा किया जाएगा। अतिक्रमण हटाने से पहले, प्रभावित लोगों को वैकल्पिक बहतराई, सरोज विहार और आईएचएसडीपी योजना के आवास में जगह दी गई है।

### सेंदरी अस्पताल में जांच के लिए...

सुनवाई के दौरान यह बात भी सामने आई कि अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के साथ ही दूसरी मशीनें नहीं हैं। जांच के लिए मरीजों को सिम्स लाने की मजबूरी रहती है। इस दौरान अस्पताल स्टाफ के साथ ही परिजनों को भी परेशानी होती है। हाईकोर्ट ने इस पर अधिकारियों से सवाल किया और मेंटर हास्पिटल में ही जांच और इलाज की व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट की निगरानी के बावजूद भी व्यवस्थाएं सुधार नहीं होने नाराजगी जताई है। हाईकोर्ट ने कहा कि यह सही नहीं है। कोर्ट ने राज्य सरकार से जवाबदेही तय करने की बात की है। कोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग के सचिव को निर्देश दिया है कि वो अगली सुनवाई तक निरीक्षण कर पूरी रिपोर्ट दें। ध्यान रहे कि मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के तहत निर्धारित प्रावधानों और सुविधाओं का अभाव होने पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट लीगल सर्विस कमेटी और एक अन्य विशाल कोहली ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से कोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इसपर सुनवाई लगातार चल रही है। पिछली सुनवाई में मुख्य सचिव ने व्यक्तिगत शपथ पत्र में यह बात लिखी थी कि उनके निर्देश पर आयुक्त सह निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं, छत्तीसगढ़ सरकार ने राज्य नोडल अधिकारी (एनएमएचपी) के साथ एक अप्रैल 2025 को मानसिक अस्पताल सेंदरी का दौरा कर निरीक्षण किया और रिपोर्ट पेश किया। इसके अलावा सचिव स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, छत्तीसगढ़ शासन ने खुद 8 अप्रैल 2025 को मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय सेंदरी का भ्रमण कर निरीक्षण किया और कमियों को दूर करने और सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए गए।

---

**दुकान आबंटन की प्रक्रिया फाइलों में** — इमलीपारा में 10 करोड़ में बने दो मंजिला काम्प्लेक्स में आबंटन की प्रक्रिया शुरू

# लीजधारियों को जमा करना होगा 7 लाख , 24 हजार हर माह देना होगा किराया



**बिलासपुर।** इमलीपारा रोड पर 10 करोड़ में बन रहा दो मंजिला काम्प्लेक्स लगभग बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन दुकान आबंटन की प्रक्रिया फाइलों में जैसे डंप हो गई है। जिन दुकानदारों को व्यवस्थान के नाम पर वहां से हटाया गया था और जिन्हें दुकानें आबंटित होने की बात निगम की ओर से कहीं गईं थीं वे साल भर बाद भी भटक रहे हैं।

इन दुकानदारों पर 14 करोड़ रुपए का कर्जा है जिसे चुकाने के लिए मार्केट से पैसे लेने पड़ रहे हैं। इनमें से लीजधारी पांच दुकानदारों को निगम ने बुलाकर आबंटन की प्रक्रिया पूरी करने कहा। इसमें से तीन दुकानदारों ने आबंटन स्वीकार किया है। निगम ने दुकानें आबंटित भी कर दी हैं, जबकि दो लोग निगम की शर्तें मानने को तैयार नहीं हुए। निगम के मुताबिक लीजधारियों से किरायानामा लिया जाएगा। इन्हें करीब 24 हजार रुपए महीना किराए देना होगा तो 4 लाख रुपए सिक्यूरिटी डिपाजिट जमा करनी होगी। इसके साथ ही 3 लाख रुपए वार्षिक शुल्क 18 प्रतिशत के साथ भी जमा करनी होगी।

ज्ञात हो कि लगभग 12 साल पहले सत्यम चौक से पुराना बस स्टैंड तक के ट्रैफिक लोड को कम करने के लिए इमलीपारा सड़क का चौड़ीकरण और उन्नयन किया गया था। पुराना बस स्टैंड के पास लेकिन 86 दुकानों के नहीं हटने के कारण चौक के पास सड़क संकरी हो गई थी। इस वजह से पुराना बस स्टैंड जाने वाली सड़क का यह वैकल्पिक मार्ग नहीं बन सका था। हाईकोर्ट के आदेश के बाद निगम ने इमलीपारा रोड (श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक) पर वर्षों से संचालित दुकानों को लगभग 14 महीने पहले स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत ध्वस्त कर दिया गया था।

### इन्हें आबंटित हुई दुकानें

विजय मटोलिया- दुकान नंबर 9, गजानन श्रीवास्तव - दुकान नंबर 2, रोहित गोस्वामी दुकान - नंबर 15

### लीजधारियों को पहले मिलेंगी दुकानें

निगम ने इस संबंध में उच्च न्यायालय में एक शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया था, जिसमें कहा गया कि 8.96 करोड़ की लागत से एक नया व्यवसायिक परिसर इन्हीं प्रभावित दुकानदारों के पुनर्वास के लिए बनाया जा रहा है। सुनवाई के दौरान नगर निगम की ओर से यह मौखिक वादा भी किया गया था कि उक्त परिसर उन्हीं पुराने दुकानदारों को नाममात्र शुल्क पर आवंटित किया जाएगा। हालांकि फिलहाल उन्हीं को दुकानें आबंटित की जा रही हैं जो की लीजधारी है। निगम ने ऐसे पांच लोगों को बुलाया था। जिनमें से तीन लोगों को दुकानें मिल गईं हैं। निगम ने साफ किया है कि लीजधारी दुकानदारों से किसी प्रकार का प्रीमियम नहीं लिया जाएगा।

### आबंटन की प्रक्रिया शरू की गई है

लीजधारी पांच दुकानदारों को बुलाकर आबंटन की प्रक्रिया शुरू की गई है। इसमें से तीन दुकानदारों ने आबंटन स्वीकार किया है। निगम ने दुकानें आबंटित भी कर दी हैं। जबकि दो दुकानदारों ने अभी समय मांगा है। निगम लीजधारियों से करीब 24 हजार रुपए महीना लेना। इसके लिए एग्रीमेंट भी होगा।

- **अमित कुमार**, निगम आयुक्त

---

डाक घर में स्पीड पोस्ट और अन्य पोस्ट के लिए केवल दो ही काउंटर

# पोस्ट आफिस में काउंटर पड़ रहे कम राखी भेजने वालों की लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



**घंटो अपनी बारी का इंतजार:** मुख्य डाकघर में स्पीड पोस्ट और राखी भेजने के लिए महिलाएं और पुरुष बड़ी संख्या में सुबह से ही पहुंचने लगे हैं। डाकघर में दो काउंटर स्पीड पोस्ट और अन्य कार्यो के लिए ओपन किए गए हैं। यहां सुबह से पहुंचने वाले लोगों को घंटो अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। सुबह से डाकघर जाने वाले लोगों को काउंटर की खिड़की तक पहुंचने में शाम हो जा रही है। वहीं बीच में लंच के कारण भी लोगों को मजबूरी में अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है।

राखी का त्यौहार कुछ दिन बाद है, जिसे बाहर भेजने और पोस्ट करने के लिए महिलाएं और पुरुष बडी संख्या में शहर के मुख्य डाकघर में सुबह से पहुंचने शुरु हो गए हैं। डाक घर में स्पीड पोस्ट और अन्य अन्य पोस्ट के लिए केवल दो ही काउंटर डाक विभाग ने ओपन कर रखा हुआ है, जिसके कारण प्रतिदिन पोस्ट करने वाले लोगों की लंबी कतार सड़क तक पहुंच जा रही है।

बिलासपुर शहर में अब डाकघर धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं। शहर में एक डाकघर रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय में और दूसरा मुख्य डाकघर नेहरू चौक के पहले बना हुआ है। लोगों को पहले बाहर किसी तरह की सूचना भेजने के लिए अंतरदेशी, पोस्ट कार्ड के अलावा अन्य जानकारी के लिए डाकघर का उपयोग करना पड़ता था, जो वर्तमान में सोशल मीडिया ने डाकघर से ले लिया है। पैसों का ट्रांजेक्शन करने से लेकर किसी तरह के मैसेज भेजने के लिए मोबाइल पर ही सारी सुविधाएं उपलब्ध हो गई है। वर्तमान में कई लोग स्पीड पोस्ट के अलावा अन्य पोस्ट व सूचनाएं डाकघर के माध्यम से करने के लिए बिलासपुर के मुख्य डाकघर में पहुंचते हैं। डाक विभाग में उपभोक्ताओं को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध करानी चाहिए, ताकि लोगों का विश्वास भी बना रहे। इसके विपरीत कार्य मुख्य डाक घर में किया जा रहा है। स्पीड पोस्ट व अन्य सूचनाएं के लिए भेजे जाने वाले पोस्ट के लिए लोग जब डाकघर पहुंचते हैं तो वहां केवल दो ही काउंटर उन्हें ओपन मिलते हैं। एक-एक स्पीड पोस्ट व अन्य पोस्ट करने के लिए काउंटर पर बैठे कर्मचारी को करीब पांच से सात मिनट का समय लगता है।

### साफ्टवेयर अपडेट में परेशानी

रक्षाबंधन के समय राखी पोस्ट करने वालों की भीड़ प्रतिवर्ष होती है। इस वर्ष भी पोस्ट के लिए पहुंचने वाले लोगों की सुविधा के लिए चार काउंटर खोले गए हैं, जहां दूसरे ब्रांच से भी कर्मचारियों को बुलाकर बैठाया गया है। वर्तमान में साफ्टवेयर अपडेट में कुछ परेशानी चल रही है, जो दो तीन में ठीक हो जाएगी। इसके बाद लोगों को भी परेशानी नहीं होगी।

-**अभिषेक विनय**
अधीक्षक, मुख्य डाकघर

---

## जनदर्शन

# 4 साल का बच्चा, विकलांग बुजुर्ग महिला, सब लाइन में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंथन सभाकक्ष में कलेक्टर जनदर्शन में अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचने वालों की भीड़ इस बार भी 100 के पार थी। सभाकक्ष के भीतर टीएल की मीटिंग आगे बढ़ रही थी, और बाहर आवेदकों की लाईन लंबी हो रही थी। लाइन में अपनी मां के साथ दुधमुंहे बच्चे गोद में, और तीन से चार साल के अनेक बच्चे खड़े थे। कतार में अपनी बारी का इंतजार करने वालों में 89 साल की बुजुर्ग महिला से लेकर कुछ जमीन में घिसटकर चलने वाले विकलांग भी शामिल थे। शर्मनाक बात यह है कि इनमें ज्यादातर दूसरी, और कुछ तीसरी बार जनदर्शन की लाईन में थे।

हर सप्ताह जिले में दो-दो जनदर्शन आयोजित होने के बाद भी समस्याग्रस्त आवेदकों की लाईन कम ही नहीं हो पा रही है। जनदर्शन में आवेदकों की लगातार बढ़ती भीड़ इस बात की ओर भी इशारा है कि शायद वे समाधान नहीं, सिर्फ पावती लेकर वापस लौट रहे हैं। यही कारण है कि उन्हें एक ही विषय का आवेदन देने दूसरी और तीसरी बार जाना पड़ रहा है। आवेदकों में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं।



- बाम्हू निवासी चंदन सूर्यवंशी दोनों पैरों से विकलांग हैं। इनकी ई साईकल में खराबी आ गई है। इनका कहना है कि या तो नई ई साईकल मिल जाए या फिर पुरानी की रिपेयरिंग ही हो जाए तो जीविकोपार्जन के लिए घर से निकलते बने।



- कौड़िया-नवांगांव निवासी उदेराम पटेल भी दोनों पैरों से विकलांग हैं। ये वर्षों से अपनी जमीन पर काबिज हैं, लेकिन शासकीय रिकार्ड में इनका कब्जा नहीं दर्शाया गया है। ये भी फरियाद लेकर दूसरी बार पहुंचे थे।



- घासीपुर कोटा की 89 वर्षीय महिला सुखम बाई ने बताया कि उनकी जमीन सरकारी रिकार्ड में दर्ज हो गई है। रिकार्ड दुरुस्त करवाने चक्कर लगा रहीं हैं। पति की मृत्यु हो चुकी है।



- कंचनपुर के 82 वर्षीय बुजुर्ग रामझुल साव ने बताया कि आवास निर्माण के लिए उनका नाम काफी पहले लिस्ट में शामिल होने की बात कही गई थी, लेकिन आज दिनांक तक उनका आवास नहीं बन सका है।

---

सीयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार

# पीएम मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व में विकसित भारत की संकल्पना रखी



**बिलासपुर।** सीयू की शिक्षा विद्यापीठ के शिक्षा विभाग द्वारा सेंटर फॉर नरेन्द्र मोदी स्टडीज, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार 5 एवं 6 अगस्त को आयोजित किया जा रहा है। राष्ट्रीय संगोष्ठी की थीम वूमेन एमपावरमेंट इफ्टर्स अंडर प्राइम मिनिस्टर नरेन्द्र मोदी रहा। 5 अगस्त को सुबह 10.30 बजे आयोजित राष्ट्रीय सेमीनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय राजकोट की प्रो. नीलांबरी दवे ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने महिलाओं के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 की संकल्पना रखी है जो महिलाओं को नेतृत्व का अवसर देती है। अतिथि विशेष सुश्री सुलभा ताई ने कहा कि सांगठनिक महिला किसी भी कार्य का संपादन कर सकती है। विशिष्ट अतिथि अनिल महेश्वर, नई दिल्ली ने कहा कि महिलाओं का कौशल विकास ही उन्हें सशक्त बनाने का माध्यम है। प्रो. सुमिता दवे ने कहा कि महिलाएं समाज में बदलाव की प्रतिनिधि हैं। विवि के प्रभारी कुलपति प्रो. अमित कुमार सक्सेना ने कहा कि भारतीय परंपरा में महिलाओं को देवी का स्थान दिया गया है। इस अवसर पर प्रो. संबित पाढ़ी, विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. ए.एस.रणदिवे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उद्घाटन अवसर पर सेमीनार की स्मारिका एवं प्रो. सी.एस वझलवार, प्रो. संबित पाढ़ी एवं डॉ. ज्योति वर्मा द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन हुआ।

डॉ सीवी रमन विवि के कुलाधिपति हैं संतोष चौबे

# अंतरराष्ट्रीय सम्मान-2025 से सम्मानित होंगे चौबे



- सीवीआरयू के कुलपति प्रो घोष, कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने शुभकामनाएं दी

**बिलासपुर।** साझा संसार फाउंडेशन द्वारा प्रथम 'साझा संसार अंतरराष्ट्रीय सम्मान-2025, डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलाधिपति, विश्व रंग के निदेशक एवं वनमाली सृजनपीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष चौबे को देने की घोषणा की गई। श्री चौबे को वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं कला के उन्नयन के लिए सर्वोत्तम योगदान के लिए प्रथम 'साझा संसार अंतरराष्ट्रीय सम्मान-2025' दिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि नीदरलैंड्स के वरिष्ठ प्रवासी रचनाकार एवं साझा संसार फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. रामा तक्षक की अध्यक्षता में आयोजित साझा संसार फाउंडेशन टीम की ऑनलाइन बैठक हुई। इसमें नीदरलैंड्स से विश्वास दुबे, शिवांगी शुक्ला, मनीष पाण्डेय, आशीष कपूर, स्वीटजरजैंड से हर्षिता वाजपेयी, अमेरिका से विनीता तिवारी और भारत से राजेन्द्र शर्मा ने सर्वसम्मति से श्री चौबे को प्रथम 'साझा संसार अंतराष्ट्रीय सम्मान-2025' से सम्मानित करने का निर्णय लिया। इस सम्मान की घोषणा पर डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार घोष, कुलसचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने शुभकामनाएं दी।

# उसकी देन कमेटी ने किया सम्मान



**बिलासपुर।** उसकी देन कमेटी द्वारा हज यात्रा से लौटे 66 हाजी एवं हज्जनों का सम्मान किया गया। लखीराम ऑडिटोरियम में इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक दिलीप लहरिया ने की। अति विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ हज कमेटी के अध्यक्ष हाजी मो इमरान, विशिष्ट अतिथि जहीर आगा, इमाम आरिफ, अंजुम कारी, शब्बीर नूरी, मौलाना मजहर, सदर यूसुफ हुसैन बंटी, अभय नारायण राय के आतिथ्य में हाजी एवं हज्जनों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री श्रीवास्तव ने कहा है कि हमारा हिंदुस्तान एक गुलदस्ता की तरह है। जहां सभी सभी धर्म के लोग कौमी एकता के रूप में अपनी आस्था के अनुसार मिलजुल कर सभी धर्म का सम्मान करते हैं। विधायक दिलीप लहरिया, छत्तीसगढ़ हज कमेटी के अध्यक्ष हाजी मो इमरान ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में आरिफ अंजुम, शेख तस्कीन को भी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कमेटी के संयोजक शेख नजीरुद्दीन ने किया। आयोजन को सफल बनाने में कमेटी के अध्यक्ष युसूफ हुसैन बंटी, एस ए कादिर,अबरार अहमद, बब्बूगुरुजी, भुट्टो राज, आदिल,इकबाल, शेख निजामुद्दीन दुलारे, शेख इमामुद्दीन,रज्जाक बड़े, सफीक सबरीन, एस रेड्डी कार्टर, अर्जुन सिंह, खालिद भाई, प्यारे भाई, बबली, मुस्ताक उद्दीन, जफर आगा, हबीब मेमन, जहूर अली, हाजी राजू, हबीब मेमन का योगदान रहा।

---

# सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में किडनी स्टोन का इलाज शुरू



बिलासपुर। किडनी के मरीजों के लिए कोनी स्थित कुमार साहब स्व दिलीप सिंह जूदेव शासकीय सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में लिथोट्रिप्सी मशीन का शुभारंभ किया गया। विधिविधान के साथ मंगलवार को मशीन की ट्रैनिंग की गई। इस दौरान एक मरीज के किडनी के स्टोन की सफल इलाज की गई। इस मौके पर अस्पताल अधीक्षक डा बीपी सिंह, यूरोलॉजी विभाग के सर्जन डॉ यगणेश्वर शर्मा सहित अन्य डाक्टर मौजूद रहे।

किडनी के मरीजों का इलाज अब सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में संभव हो सकेगा। इसकी शुरूआत मंगलवार से की गई। चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी सिंह की मेहनत और जुझारूपन की बदौलत सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में यूरोलॉजी विभाग अपना पहला कदम बढ़ा चुकी है। जर्मनी की लिथोट्रिप्सी मशीन का सफल संचालन शुरू किया गया है। इसके लिए कंपनी की ओर से डॉ संजीव कुमार डाक्टर और स्टाफ को प्रशिक्षण दे रहे हैं। मशीन के द्वारा किडनी व पथरी से संबंधित रोगों के इलाज अत्याधुनिक तकनीक के सहारे किया जा रहा है। मंगलवार को अस्पताल के मरीज के किडनी के 6 एमएम स्टोन को लिथोट्रिप्सी मशीन की सहायता से तोड़ कर उपचार किया गया। वहीं डे केयर होने के कारण मरीज को शाम के बाद छुट्टी दे दी गई। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ बीपी सिंह ने बताया कि सुपरस्पेशलीटी अस्पताल में यूरोलॉजी विभाग के सर्जन डॉ यगणेश्वर शर्मा ने अपने टीम डॉ मुरलीधर, डॉ सिद्धार्थ अग्रवाल ,डॉ ममता पेशवानी के साथ सफल इलाज को अंजाम दिया। उनके टीम में सीनियर सिस्टर विनीत पटले, आराधना दास ,राजकुमारी हिरवानी , रेडियोलोजी से सूर्यकांत निरनेजक व कामिनी सूर्यवंशी मौजूद हैं। यूरोलॉजी विभाग की आईपीडी सुविधा जल्द शुरू हो जाएगी। वर्तमान में मरीज के परिजनों के रूकने और ठहरने की सुविधा नहीं है, मरीजों का इलाज डे केयर के तौर पर शुरू करने की योजना बनाई है।

### मशीन शुरू हो गई

कोलकाता के आए हुए प्रशिक्षक वर्तमान में 5 दिनों तक अपनी मशीनों का संचालन व रखरखाव के संबंध में जानकारी देंगें। एक मरीज के किडनी के स्टोन हटाए गए हैं। इसके बाद विभाग में डायलिसिस मशीनें भी शुरू होने वाली है।

-**डॉ बीपी सिंह**, अस्पताल अधीक्षक,

# सिम्सः डेंटल सर्जरी में डाक्टरों ने बनाया कीर्तिमान



**बिलासपुर।** प्रदेश के सरकारी मेडिकल कालेज के डेंटल सर्जरी में सिम्स ने अपना परचम लहराया है। दो साल के भीतर 598 मरीजों के मेजर व 3200 से अधिक माइनर सर्जरी की गई है। जिससे प्रदेश के समस्त चिकित्सा महाविद्यालयों में से सिम्स के दंत चिकित्सा विभाग को अव्वल दर्जा मिल चुका है।

सिम्स में जबड़े के जाइंट प्रत्यारोपण की सर्जरी की जा रही है, यह सर्जरी डेंटल सर्जरी में काफी महंगी होती है, लेकिन सिम्स में महज आयुष्मान कार्ड द्वारा निशुल्क किया जा रहा है। सिम्स के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति व अधीक्षक डॉ. लखन सिंह के दिशा-निर्देश व डॉ. भूपेंद्र कश्यप के मार्गदर्शन में गरीब मरीजों को सुविधाएं मिल रही हैं। खास बात यह है कि सिम्स के दन्त चिकित्सा विभाग के द्वारा सड़क दुर्घटना के 550 मरीज, मुख-कैंसर के 26 मरीज, भालू हमले के 2 मरीज, चेहरे की विषमता के 10 मरीज, काला फंगस इन्फेक्शन के 9 मरीज, दाँत निकालने का 3227 मरीजों का सफलता पूर्वक इलाज किया जा चुका है। सड़क दुर्घटना में सामान्यतः चहरे के निचले जबड़े में दाएं एवं बाएं साइड फ्रैक्चर, कंडाईल फ्रैक्चर, ऊपरी जबड़े में दांए या बांए तरफ की हड्डी के टूटने, जायगोमैटिक काम्प्लेक्स फ्रैक्चर, नाक की हड्डी का फ्रैक्चर, माथे की हड्डी फ्रैक्चर का इलाज संभव हो पा रहा है। एचओडी डॉ. भूपेन्द्र कश्यप के निर्देशन में डॉ. संदीप प्रकाश, डॉ. जंडेल सिंह ठाकुर, डॉ. हेमलता राजमणि, डॉ. केतकी कीनीकर, डॉ. प्रकाश खरे, डॉ.सोनल पटेल, ओमकारनाथ, लैब अटेंडेंट उमेश साहू के साथ निश्चेतना विभागाध्यक्ष डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. भावना रायजादा, डॉ. मिल्टन का सहयोग रहा।

डाक्टरों ने बताया कि मरीज धीर साय का सड़क दुर्घटना में चेहरे की सभी हड्डियां टूट गई थी, चेहरा विकृत हो गया था, दन्त चिकित्सा विभाग के द्वारा सर्जरी एवं प्लेटिंग की गईं, और उनका बेहतर इलाज किया।

### किया जटिल आपरेशन

सिम्स में मुंह के कैंसर के साथ जबड़े की ट्यूमर से ग्रसित 40 से अधिक मरीजों इलाज किया गया है। चेहरे की विकृति को ठीक करने के लिए छाती से मासपेशियां लेकर प्रत्यारोपण किया गया है। जटिल कैंसर का ऑपरेशन भी विभाग द्वारा किया गया। कुछ मरीजों का कृत्रिम जोड़ आर्टिफीसियल टीएमजे जॉइंट प्रत्यारोपण किया गया है।

## खबर संक्षेप

### ट्रेलर से कुचलकर बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**बिलासपुर।** ट्रेलर से कुचलकर बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रतनपुर टीआई नरेश चौहान ने बताया, 5 अगस्त को तखतपुर मोढ़े बेलसरी निवासी रेखा पटेल पिता जनकराम पटेल 45 साल बेलसरी बगीचापारा निवासी अरूण पटेल पिता सुन्दरलाल पटेल 45 साल के साथ बाइक में सवार होकर कोरबा से शहर की ओर आ रहे थे। शाम 5 बजे मदनपुर के पास कोरबा की ओर से आ रहे ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बीडी, 9042 के ड्राइवर ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों बाइक सवार गिर गए। रेखा पटेल ट्रेलर के पिछले चक्के के नीचे आ गया, जिससे उसकी कुचलकर मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अरूण पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल अरूण को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं मृतक का शव उठाकर मरच्यूरी में रखवा दिया गया है। पुलिस ने ट्रेलर जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### कोतरलिया रेलखंड में आटोमैटिक सिग्नलिंग

**बिलासपुर।** रेलवे में स्वचलित ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है। आटोमेटिक ब्लाक सिग्नलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के निश्चित दूरी पर सिग्नल लगाए जाते हैं। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिलासपुर से दगोरी, बिलासपुर से घुटकू, बिलासपुर से चांपा, गेवरारोड, नागपुर से दुर्ग, भिलाई से कुम्हारी तथा कोतरलिया से जामगा सहित 462 किलोमीटर रेलखंड पर आटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली लागू कर दिए गए हैं। कोतरलिया से जामगा तक 9 किलोमीटर लंबे इस खंड में चार लाइन हैं, जिसमें कुल 36 ट्रैक किलोमीटर रेल लाइन में आटोमैटिक सिग्नल प्रणाली लगाया गया है।

### पंपलेट वितरित कर दिया स्वच्छता का संदेश

**बिलासपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत मंगलवार को मंडल के सभी रेलवे स्टेशन में उद्घोषणा प्रणाली और ट्रेनों में घोषणा के माध्यम से यात्रियों को स्टेशन व कोच को स्वच्छ बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। स्टेशन में वाणिज्यिक कर्मचारियों की भागीदारी के साथ यात्रियों को स्वच्छता हेतु प्रेरित करने तथा पंपलेट वितरित किए गए। सभी प्रमुख रेलवे स्टेशन, कार्यालय परिसर तथा रेल कालोनी में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंडल का यह प्रयास न केवल स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

स्वास्थ्य केन्द्र की बदहाली का वीडियो हो रहा है वायरल

# रिफरल सेंटर बना कोटा अस्पताल, डायरिया और मलेरिया के मरीज भी नहीं संभल रहे



स्वास्थ्य केंद्र के बरामदे में मरीज को लगाई गई ड्रिप।



एम्बुलेंस में मरीज का किया जा रहा इलाज।



बदहाल स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती युवती।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का हाल यह है कि दिन के किसी भी समय यहां जाने पर डाक्टर मौजूद नहीं रहते हैं, पूरा अस्पताल नर्स और स्टाफ के भरोसे चल रहा है। ऐसे में मरीज की जान भगवान भरोसे रहती है। हालत यह है कि स्टाफ नर्स द्वारा जमीन पर ही लोगों को सलाइन चढ़ा दी जाती है, वहीं परिसर में आवारा मवेशी और कुत्तों का बसेरा हो चुका है।

■ 30 किमी दूर आते हैं मरीज, इसलिए शहर के अस्पतालों में रहती है भीड़

प्रदेश में स्वास्थ्य व्यवस्था गर्त में जा रही है, इसका उदाहरण इसी बात से समझा जा सकता है कि डायरिया जैसी स्थिति भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डाक्टरों द्वारा संभाली नहीं आ रही है। कोटा में डायरिया और मलेरिया के मरीजों को सीधे बिलासपुर के लिए रिफर कर दिया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का एक विडियो भी इंटरनेट पर वायरल हुआ है, जिसमें अस्पताल की बदहाली साफ तौर पर दिख रही है। एक व्यक्ति को सलाइन लगाने के लिए नर्स ने बेड में लेटाना भी जरूरी नहीं समझा, यहां नर्सिंग के नियमों को ही ताक पर रख दिया गया है। इस दौरान रतनपुर से डायरिया के मरीज पहुंचने पर प्रारंभिक जांच के बाद सीधे बिलासपुर के लिए रिफर कर दिया गया। इस दौरान मौके पर डाक्टर तक मौजूद नहीं थे। मरीज और लोगों का कहना है कि अस्पताल में बीएमओ उपस्थित नहीं रहते हैं, जिससे अस्पताल में बदहाली का आलम है।





### 5 माह से नहीं हुई है समिति की बैठक

हाल यह है कि जनप्रतिनिधियों ने कई बार बीएमओ को पत्र लिख कर जीवन दीप समिति की बैठक कराने के लिए आग्रह किया है, लेकिन बीएमओ द्वारा 5 माह से जीवन दीप समिति की बैठक तक नहीं कराई गई है। बताया जा रहा है कि सारा खेल कागजों में चल रहा है। अस्पताल में सुविधाओं की कमी है लेकिन बीएमओ द्वारा जानकारी तक उपलब्ध नहीं कराई जाती है।

### एक्सरे रूम में सीपेज और टपक रहा पानी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कई साल पुराना एक्सरे मशीन रखा गया है, यह कभी चलता है कभी नहीं चलता है लेकिन यहां का रूम पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। सीपेट और पानी टपकने के कारण मशीन के बिगड़ने की आशंका बनी रहती है।

### डाक्टर नहीं रहते

जिन डाक्टरों की पोस्टिंग यहां की गई है, वे यहां नहीं रहते हैं। मरीज इलाज के लिए भटककर निजी अस्पताल या बिलासपुर चलते जाते हैं। बारिश आने से पहले ही स्वास्थ्य अधिकारियों को मलेरिया, डायरिया को लेकर व्यवस्था सुधारने का आग्रह कर चुका है। हालत यह है कि 5 सालों से मेडिकेट मच्छरदानी तक स्वास्थ्य विभाग मुहय्या नहीं करा सकता है।

-अटल श्रीवास्तव
विधायक, कोटा

### बीएमओ नहीं मिलते

हमारा कार्यालय पास में ही है, ऐसे में कई बार निरीक्षण किया जा चुका है। बीएमओ मिलते ही नहीं है। हमने उनसें जीवन दीप समिति की बैठक कराने को कहा, लेकिन 5 माह हो गए अबतक बैठक नहीं हुई है। अस्पताल में बेड की स्थिति, स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव है। अगर डाक्टर और स्टाफ ईमानदारी से ड्यूटी करे तो कोई समस्या ही नहीं रहेगी।

-सरोज दुर्गेश साहू
अध्यक्ष, जनपद पंचायत

## पेंट्रीकार का दरवाजा बंद कर कर्मचारियों ने की रायपुर के दो युवकों से मारपीट



**बिलासपुर।** रायपुर से बिलासपुर आने वाली आजाद हिंद एक्सप्रेस में लगे पेंट्रीकार कर्मचारियों ने रायपुर से सवार हुए दो युवकों को कोच में लाकर दोनों ओर से गेट बंद करते हुए जमकर मारपीट की। इससे युवकों को गंभीर चोट पहुंची। ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन पहुंचने के बाद आरपीएफ ने दोनों पक्ष को जीआरपी के सुपुर्द कर दिया, जिनके खिलाफ काउंटर रिपोर्ट करने के उपरांत मामले को रायपुर स्थानांतरण कर दिया गया है।

■ आजाद हिंद एक्सप्रेस में घटना, जीआरपी ने दर्ज किया मामला

पुणे से हावड़ा जाने वाली 12129 आजाद हिंद एक्सप्रेस मंगलवार की शाम एक घंटे विलंब से बिलासपुर स्टेशन पहुंची थी। इस ट्रेन के रायपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने के बाद दो युवक अर्जुन सोनकर और रोहित सोनकर कोच में सवार हो गए। इन दोनों युवकों को पेंट्रीकार में बुलाकर कर्मचारियों ने कोच के दोनों ओर का दरवाजा बंद कर मारपीट करना शुरु कर दी। कोच में हंगामे की आवाज सुनकर दूसरे कोच में सफर करने वाले यात्रियों ने तत्काल आरपीएफ को सूचित कर दिया। ट्रेन के भाटापारा रेलवे स्टेशन में पहुंचने के बाद भी आरपीएफ ने किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की। दो आरपीएफ स्टाफ पेंट्रीकार के कर्मचारी और रायपुर के दोनों युवक अर्जुन, रोहित सोनकर को लेकर बिलासपुर स्टेशन में पहुंचे। ट्रेन के बिलासपुर स्टेशन में पहुंचने के बाद दोनों युवकों ने जीआरपी को जानकारी दी। जीआरपी ने दोनों पक्षों को मुलाहिजा के लिए अस्पताल भेजने और पूछताछ करने के बाद काउंटर रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

जीआरपी के प्रभारी डीएस श्रीवास्तव ने बताया कि रायपुर से आजाद हिंद एक्सप्रेस में सवार होने वाले दोनों युवक अर्जुन और रोहित सोनकर अवैध वेंडर हैं। पेंट्रीकार कर्मचारियों और दोनों युवकों के बीच पुरानी रंजिश है, जिसे सुलह कराने के लिए रोहित सोनकर का भाई अर्जुन भी पेंट्रीकार में सवार हुआ था। इस दौरान विवाद बढ़ गया और पेंट्रीकार के कर्मचारी प्रेम तोमर, सोनू सिंह, बाज बहादुर के साथ दोनों की मारपीट हुई। दोनों पक्षों के खिलाफ धारा 351, 296, 115 (2) (3) (5) के तहत अपराध कायम करने के बाद शून्य में रायपुर ट्रांसफर कर दिया गया है।

## एक लाख की सागौन सहित पकड़े गए आरोपी

**बिलासपुर।** वन मंडल बिलासपुर के बेलगहना वन परिक्षेत्र के स्टाफ ने मुखबिर की सूचना पर एक लाख रुपए के सागौन सिलपट सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को करही कछार में एक ग्रामीण के यहां लाखों के सागौन की जानकारी बिलासपुर वन मंडल के डीएफओ विपुल अग्रवाल को मिली। सूचना मिलते ही डीएफओ ने तत्काल वारंट जारी कर कार्रवाई करने निर्देश दिया। बिलासपुर वन मंडल की उड़ान दस्ता टीम और बेलगहना रेंज की टीम ने मौके पर छापामार कार्रवाई करते हुए मनीष कुमार पिता राधेलाल कुर्रे 30 साल के घर से सागौन 118 नाग, चिरान 1470 घन मीटर, साल 12 नग सहित अन्य प्रजाति की लाखों की लकड़ी जब्त कर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

## शराब नहीं देने पर वृद्ध की टंगिया मारकर हत्या

**बिलासपुर।** शराब नहीं देने पर एक वृद्ध की टंगिया मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने 12 घण्टे के भीतर अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

बेलगहना चौकी प्रभारी राज सिंह ने बताया, 4 अगस्त को दोपहर 3 बजे ग्राम पहाड़ बछाली में रहने वाली महिलाओं ने गांव के छेदी यादव पिता ढेलाउराम यादव 65 साल की घर के पास खूने से लथपथ लाश देखी। उसके गले में धारदार हथियार से हमला करने के निशान थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस गांव वालों से पूछताछ शुरू की। 10 लोगों से पूछताछ करने पर गांव यशराज उर्फ छोटा पिता संतराम भैना 20 साल को उसके घर के पास देखना बताया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ाई बरतने पर उसने छेदी यादव की हत्या करना स्वीकार कर लिया।

■ आरोपी गिरफ्तार

श्री राज ने बताया, आरोपी यशराज उर्फ छोटा मृतक के घर शराब खरीदने गया था। उसने शराब नहीं होने की बात कही। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। दोनों एक दूसरे के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। इसी दौरान यशराज उर्फ छोटा उसके घर में टंगे टंगिया को उठाकर उसके गले में जान लेवा हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। उसके बाद वह मृतक के घर के पीछे झाड़ियों में टंगिया को छिपाकर भाग गया था। पुलिस ने बीएनएस की धारा 103 के तहत जुर्म दर्ज कर हमलावर यशराज उर्फ छोटा भैना को गिरफ्तार कर टंगिया बरामद कर लिया है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर



स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
11 सितंबर, 9 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर
राशि:-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## उद्योगपति के बेटे को जान से मारने की दी धमकी

**बिलासपुर।** कार में सवार लोगों ने उद्योगपति के बेटे को खर्चा पानी नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देकर कार को टक्कर मार दी। बताया है उक्त कार एक ट्रांसपोर्टर की है, पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, रामावर्ल्ड निवासी उद्योगपति प्रवीण झा के बेटे दिव्यांश झा ने रिपोर्ट लिखाई। 4 अगस्त को वे अपने कार्यालय से वाहन क्रमांक सीजी 10 बीआर, 0006 से घर जा रहे थे। कालोनी के गेट से पहले मारूती कार क्रमांक सीजी 10 बीएन 0012 के चालक ने उन्हें ओव्हरटेक करते हुए बगल में आकर रोकने का इशारा किया। उन्होंने अपने चालक को कार रोकने कहा तो कार सवार युवक कांच खोलने के लिए इशारा करने लगे। कांच खोलने पर उक्त कार में बैठे दो लोगों ने कहा बिलासपुर में रहना है मुझे खर्चा पानी दिया करो तुम बड़े बाप की औलाद हो। उन्होंने मना किया तो जान से मारने की धमकी देते हुए उनकी कार को टक्कर मारते हुए भाग गए।

पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर मारूती कार चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 126, 2, 281, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। टीआई श्री केंवट ने बताया, उक्त कार यदुनंदननगर निवासी ट्रांसपोर्टर मिनहाज अहमद की है। पुलिस ने उसके घर में दबिश तो वह नहीं मिला है।

## कार चालक ने तीन लड़कियों व युवक को मारी थी टक्कर, नहीं लगाई गंभीर धारा

**बिलासपुर।** खतरनाक तरीके से कार चलाते हुए 3 लड़कियों, एक युवक व तीन चार गाड़ियों को टक्कर मार दी गई थी, पुलिस ने मामले में साधारण एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। मामले में गंभीर धाराएं नहीं लगाई गई हैं।

ज्ञात हो कि 14 जुलाई को एल 9 विनोबा नगर निवासी प्रार्थना नागदेव शाम 7 बजे ट्यूशन से वापस घर जा रही थीं। इसी दौरान कार क्रमांक सीजी 10 बीक्यू 5400 के चालक ने खतरनाक तरीके से चलाते हुए प्रार्थना को टक्कर मार दी, साथ ही एल टू के पास खड़ी आदिति मंडल, पलक मंडल को टक्कर मारकर आगे जाकर व्यापार विहार में सुखदेव दीवान व कई गाड़ियों व लोगों को टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल प्रार्थना नागदेव का अपोलो हास्पिटल में इलाज चल रहा है। लोगों ने कार चालक की पिटाई कर तारबाहर पुलिस के हवाले कर दिया था। मजेदारबात यह है कि कार चालक युवक को थाने से छोड़ दिया था। उसके बाद 22 जुलाई को कार चालक की जगह पर दूसरे व्यक्ति को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया गया था। वहीं उक्त मामले में साधारण सड़क हादसे की धारा 125 ए, 281 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली गई है।

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
NABH
Dr. GIRI'S TEAM WORK — Individually we are one drop. Together, we are an ocean
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
बच्चों के कैंसर एवं रक्त रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
अब बिलासपुर में भी
दिनांक : 13 फरवरी 2025 | सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
स्थान : श्री शिशु भवन हॉस्पिटल, मध्यनगरी चौक के पास, बिलासपुर



डॉ. रूचि औजला
MD (Paediatric), MECPCH (UK)
Fellowship in Pediatric Oncology
(Liverpool UK)
कंसलटेंट-पीडियाट्रिक हेमाटो ऑन्कोलॉजी



डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव
DNB (Paediatric), MECPCH-I
Fellowship in Pediatric Haematology
& Oncology
कंसलटेंट-पीडियाट्रिक हेमाटो ऑन्कोलॉजी
अगर आपके बच्चों को इनमें से कोई भी लक्षण हैं तो आज ही हमारे विशेषज्ञ से मिलें
• शरीर में खून की कमी/कमजोरी थकान महसूस होना
• पीलिया, गाढ़ी पेशाब होना
• बार-बार बुखार आना
• जोड़ों में दर्द होना
• शरीर के किसी भाग में गांठे दिखना
• आसानी से चोट लगना, छोटे लाल धब्बे आना
• वजन में कमी
• पेट में सूजन
• आँखों में सफेद बिंदु दिखना/तिरछापन/अंधापन
निम्न रोगों के विशेषज्ञ
• Leukaemia, Lymphoma (Blood Cancer)
• All types of Childhood Cancers
• Nutritional Anaemia
• Thalassemia
• Sickle Cell Anaemia
• Aplastic Anaemia
• Bone Marrow Failure Syndromes
• Disorders of Immune Dysregulation
ATUL
बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध है
अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 747-1130319
8282824444 नया रायपुर, छ. ग.



## खबर संक्षेप

### राजपूत युवा संघ के चौथे कार्यकाल का शपथ ग्रहण




**लोरमी।** राजपूत युवा संघ के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन राजपूत भवन में वरिष्ठ जनों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के वरिष्ठ जन नवनियुक्त पदाधिकारी को चौथे कार्यकाल के लिए बारी-बारी से पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके साथ ही संजय सिंह राजपूत लगातार चार बार अध्यक्ष के पद पर आसीन हुए। समाज के लोगों द्वारा राजपूत युवा संघ के बीते 3 कार्यकाल के मानव हित काम रक्तदान करना, बीमार पीड़ित को सहयोग करना, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान करना, प्रतिवर्ष महाराणा प्रताप जयंती मनाकर उनके आदर्शों , विचारों को जन जन तक पहुंचाना, राष्ट्र भक्ति का भाव जगाना, सामाजिक उत्थान आदि सेवा कार्य की प्रशंसा की।

### डीएसई स्कूल के बच्चों को दी गई यातायात संबंधी जानकारी

**लोरमी।** डीएसई विद्यालय में कलेक्टर कुंदन कुमार



एवं एसपी भोजराम पटेल के दिशा निर्देशन में पहल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में रायपुर से बाल मित्र शाखा से रोश ना डेविड एवं मुंगेली क्राइम ब्रांच से बबीता श्रीवास के द्वारा प्रारंभिक रूप से बाल अपराध ,साइबर अपराध, सुरक्षा एवं इसके उपाय के संबंध में छात्र-छात्राओं को बारीकी से जानकारी दी गई। साथ ही साथ बच्चों से सवाल जवाब भी किया गया। वहीं छात्राओं के द्वारा उत्सुकता पूर्वक सारी बातें आत्मसात करते हुए दोहराई गई। कार्यशाला में यातायात नियम के संबंध में नाबालिग बच्चों एवं अभिभावकों के लिए यातायात संबंधी नियमों का हवाला देते हुए एक जागरूक पालक की भूमिका निर्वाहन को सर्वोपरि बताया गया। अंत में रोशना डेविड के द्वारा सामूहिक रूप से पहल से संबंधित शपथ दिलाई गई। इस कार्यशाला में विद्यालय के नोडल अधिकारी अरुण जायसवाल, विद्यालय के प्राचार्य रतिकांत परीदा के अलावा सभी शिक्षक मौजूद रहे।

### धरती आबा अभियान में 100 से अधिक आवेदनों का निराकरण



**लोरमी।** धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत विकासखंड के जनपद पंचायत सभाकक्ष में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य वनांचल क्षेत्र के 35 गांवों के जनजातीय एवं दूरस्थ ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करना है। यह शिविर 14 अगस्त तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें आधार पंजीयन, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र समेत कई कल्याणकारी योजनाओं का लाभ एक ही स्थल पर उपलब्ध कराया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग महेन्द्र खांडेकर ने बताया कि ग्रामीणों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए तीन-तीन गांवों का क्लस्टर बनाकर हितग्राहियों को शिविर स्थल तक लाया जा रहा है। मौके पर ही उनके आवेदन लिए जा रहे हैं, और समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। शिविर स्थल पर विभागीय स्टॉल लगाकर विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है तथा हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु जागरूक किया जा रहा है। गौरतलब है कि इस शिविर के माध्यम से कुल 3 हजार 500 से अधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। शिविर में पिछले दो दिनों में 130 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 100 से अधिक आवेदनों का मौके पर निराकरण किया गया।

### 300 से अधिक सांपों का रेस्क्यू करने वाले मोनू को सर्प ने डंसा

**तखतपुर।** तीन सौ पचास से भी अधिक सांपों का



रेस्क्यू करने वाले मोनू ताम्रकार को सांप ने डंस लिया लेकिन तत्काल उपचार मिल जाने से कोई अनहोनी नहीं हुई। नगर सहित पूरे क्षेत्र में सांप पकड़ने के लिए मशहूर वार्ड क्रमांक 8 निवासी मोनू उर्फ विजेंद्र ताम्रकार कहीं भी यदि सांपों की रेस्क्यू करना है तो वे घटना स्थल पर पहुंचकर सांप को पकड़कर दूरस्थ एरिया में छोड़ देता है। अन्य दिन की तरह सोमवार को मोनू को नया मण्डी के पास निवासरत विकास क्षत्री के घर में सांप निकलने की जानकारी मिली तो मोनू ताम्रकार तत्काल वहां पहुंचा और जब वह सांप को पकड़ने का प्रयास कर रहा था तभी उसे किंगकोबरा ने डंस लिया। उसे उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया और प्राथमिक उपचार के बाद आगे की उपचार के लिए सिम्स बिलासपुर रिफर किया गया जहां उसकी स्थिति वर्तमान में सामान्य है।

---

समर्थन मूल्य पर धान या अन्य फसलों की बिक्री के लिए पंजीयन अनिवार्य

# एग्री स्टेक पोर्टल में नहीं हो पाया 2 लाख से अधिक किसानों का पंजीयन, हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिले में एग्री स्टेक पोर्टल में अभी भी लगभग 2 लाख 20 हजार 623 किसानों का पंजीयन नहीं हो पाया है। कई किसानों को पंजीकरण में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

- बिना पंजीयन के फसल नहीं बेच पाएंगे किसान

पोर्टल नहीं खुलने, आधार रजिस्ट्री के नाम में मिलान न होना, ज्वाइंट खाता होने पर ऑप्शन न आना, या डेटा अपडेट का अभाव है। समर्थन मूल्य पर धान या अन्य फसलों की बिक्री हेतु एग्री-स्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य किया गया। बिना पंजीयन किसान इस सुविधा से वंचित रह सकते हैं चाहे वह धान बिक्री हो, पीएम किसान सम्मान निधि, फसल बीमा या किसान क्रेडिट कार्ड हो। किसानों की आमदनी बढ़ाने के साथ ही अधिक से अधिक पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ दिया जा सके, इसके लिए सरकार नई-नई तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दे रही है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों के द्वारा लगाई जाने वाली फसलों का अब



डिजिटल सर्वे करने का फैसला लिया है। सर्वे में किसानों की फसलों की सभी जानकारियां एग्री स्टैक पोर्टल में दर्ज होंगी। किसानों को फसल उत्पादकता के लिए जरूरी इनपुट जैसे फसल ऋण, विशेषज्ञों की सलाह से लेकर बाजार उपलब्ध कराने में भारत सरकार का एग्री स्टैक पोर्टल से मदद मिलेगी। एग्री स्टैक पोर्टल में किसानों का पंजीयन होने के बाद उन्हें एक फार्मर आईडी दी जाएगी।

इस पोर्टल के माध्यम से राज्य के किसानों को अब न केवल जमीन अपितु जमीन में लगाये फसल और उत्पादन के लिए आवश्यक बाजार उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। एग्री स्टेक में किसान का पंजीयन हो जाने से उन्हें जरूरत का खाद और बीज मिल सकेगा। इसके साथ ही किसानों को आवश्यकतानुसार बैंक ऋण लेने की भी सुविधा मिलेगी।

एग्री स्टेक पंजीयन एक महत्वपूर्ण कदम है डिजिटलीकरण की ओर, जिससे किसान सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे तौर पर प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु तकनीकी खामियों, डेटा विसंगतियों और जागरूकता की कमी के कारण अनेक किसान आज भी पंजीयन प्रक्रिया में असमंजस में फंसे हुए हैं। प्रशासनिक चेतना और समाधान सहित किसानों की सहायता से यह पंजीयन प्रक्रिया यथासंभव सुचारू रूप से पूरी की जा सकती है, जिससे कितान अपना कृषि कार्य विधिवत ढंग से आगे बढ़ा सकें।

#### दूर की जाएंगी समस्याएं

एग्री स्टेक पोर्टल में किसानों के पंजीयन में आ रही तकनीकी समस्याओं के संदर्भ में जानकारी लेकर उसे दूर किया जाएगा, जिससे सभी किसान पोर्टल में अपना पंजीयन करा सकें।

**-कुन्दन कुमार,** कलेक्टर, मुंगेली

#### विभागीय सर्वर बन रहा बाधा

फार्मर रजिस्ट्री बनाने में विभागीय सर्वर बाधा बन रहा है। फार्मर रजिस्ट्री में किसान का नाम, पिता का नाम, आधार कार्ड से जुड़ा मोबाइल नंबर, उनके मालिकाना हक वाले खाता संख्या, सह खातेदार व खाते में उसका हिस्सा आदि का विवरण दर्ज किया जाना है। किसान रजिस्ट्री करवाने के लिए लोक सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों तथा कृषि विभागों के चक्कर काट रहे है। सर्वर न चलने के कारण घंटों बैठने के बावजूद रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। पोर्टल नही खुलने, आधार कार्ड व अन्य कागजों में नाम अलग-अलग होना तथा आधार कार्ड में मोबाइल नंबर न जुड़ा होने के कारण भी किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में कृषि उप संचालक एमआर तिग्गा ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री के लिए कृषि विस्तार विकास अधिकारी किसानों से संपर्क कर पोर्टल में रजिस्ट्री कराने हेतु शिविर लगाकर सहयोग कर रहे है।

#### किसानों को कर रहे जागरूक

ग्राम पंचायत शिविर, कामन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र, स्वयं से पंजीयन करने जैसी सुविधाओं को लागू कर किसानों को जागरूक करने की कोशिश की जा रही है। कभी-कभी पोर्टल नहीं खुलने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिले में किसान पंजीयन के बारे में भू अधीक्षक ऋचा गुप्ता ने बताया कि जिले में भुईयां पोर्टल के अनुसार 3 लाख 4 हजार 743 कृषक है। जिसमें पीएम सम्मान निधि पाने वाले कृषकों की संख्या 1 लाख 12 हजार 202 है। इनमें से 84 हजार 120 किसानों का पंजीयन हो चुका है। यदि पोर्टल में कोई त्रुटि आती है तो स्थानीय कृषि विभाग, पटवारी या सीएससी केंद्र से संपर्क करें।

### जागेश्वरी ने ली ग्रामीण सेक्टरों की बैठक

**सेतगंगा/मुंगेली।** जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा के निर्देश पर जिले में लगातार संगठन सृजन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में मुंगेली ग्रामीण प्रभारी जागेश्वरी वर्मा ने ग्रामीण सेक्टरों की बैठक आहूत की। प्रभारी जागेश्वरी वर्मा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में संगठनात्मक मजबूती के लिए लिए मंडल एवं सेक्टर कमेटियों का पुर्नगठन कर विस्तार किया जाना है। संगठन की मजबूती के लिए पौनी से 5 नाम खैरा सेतगंगा से 4 नाम सामने आए। इस अवसर पर चन्द्रभान बारमते, दिलीप बंजारा, लक्ष्मीकांत भास्कर, श्रीमती उर्मिला यादव, जैतराम खाण्डे, अनीश मसीह, कुलेश्वर बारमते, लोकराम राम साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मुंगेली ग्रामीण, अशोक सिंह क्षत्रिय, कौशल क्षत्रिय, दशरथ सोनी, अखिल टोण्डर, सोनू ठाकुर, मनोज अकेला, लेखराज अनंत, भारत मंडेला, रामकुमार साहू, अनुज, ज्ञायन, काशी, बालक, कमल टोण्डर, संजय बर्मन, सदस्य, सुभाष बंजारे, रोहित, बेदू, भुनेश्वर, कैलाश, शिवकुमार, मोहन टोण्डर, मनोहर, मोनू भास्कर, रामभरोस, मुरली बंजारा, राजेन्द्र यादव, टेकराम, देवदत्त गोयल, भागवत कुर्रे, अरूण यादव, लखन बंजारा, संदीप जांगड़े, ओंकार आदि मौजूद थे।

### धनगांव सहकारी समिति को कलेक्टर ने दिया प्रमाण पत्र



**मुंगेली।** दुग्ध सहकारी समिति धनगांव च का पंजीयन उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर कुन्दन कुमार ने समिति के अध्यक्ष रिषिराज सिंह और उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र साहू को दुग्ध पंजीयन प्रमाण पत्र प्रदान किया। दुग्ध सहकारी समिति धनगॉव च. का पंजीयन हो जाने से आसपास के 05 से 08 गॉवों के दुग्ध उत्पादक किसान उक्त समिति में ही वास्तविक मूल्य पर दुग्ध बेच सकेंगे, इससे किसानों के शहर आने-जाने में लगने वाले समय की बचत होगी। साथ ही आवागमन में होने वाला खर्च भी बचेगा। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. आर.एम. त्रिपाठी ने बताया कि पशुपालकों के आय में वृद्धि हेतु शासन की फ्लैगशीप योजना ''सहकार से समृद्धि'' के तहत समस्त ग्राम पंचायतों में सहकारी समिति का गठन किया जाएगा। अभी तक 07 दुग्ध सहकारी समितियों का गठन किया जा चुका है। इससे गॉव के किसानों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

## आत्मानंद स्कूल में संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा, 41 बच्चे पहुंचे राज्य स्तर पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में 25वीं संभाग स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 17 एवं 19 वर्ष बालक बालिका वर्ग, शतरंज 14, 17 एवं 19 वर्ष बालिका वर्ग तथा बॉक्सिंग 14, 17 एवं 19 वर्ष बालक वर्ग के खेलों का आयोजन हुआ।

आयोजन के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला, विशिष्ट अतिथि सुशील शुक्ला थे। प्राचार्य डॉ. आई.पी. यादव, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी विजय वर्मा तथा जिले के सभी प्रमुख व्यायाम शिक्षक राजेंद्र प्रसाद साहू, जावेद कोसले, संदीप पात्र, अमित मिश्रा, ओमप्रकाश वंदे, एवं सुबोध सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। शतरंज



बालिका वर्ग मुंगेली जिले से 8 बालिकाएं चयनित हुई है। गतका बालक बालिका वर्ग में 8 बालक एवं 8 बालिकाएं राज्य स्तर पर भाग लेंगी। बॉक्सिंग बालक वर्ग में 17 बालक राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे। खेल का संचालन जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी विजय वर्मा के निर्देशन में किया गया। प इस दौरान शतरंज खेल में सुबोध सिंह, ओमप्रकाश वंदे, कीर्ति सिंह, वेंकटेश प्रसाद, मानिकपुरी, संदीप पात्रे, गतका खेल में जावेद कोसले, योगेंद्र कुमार, छवि सिंह, जय कुमार साहू, रितु बंजारे, मनीष यादव, बॉक्सिंग खेल में सुबोध कुमार सिंह, मुकेश सिंह राठौड़, दिशान जब, सद्दाम हुसैन, मनोज माली उपस्थित रहे।

आयोजन को सफल बनाने में प्राचार्य डॉ. आई पी यादव एवं व्यायाम शिक्षक राजेंद्र प्रसाद साहू का सहयोग रहा।

### भठलीकला मिडिल स्कूल में पौधरोपण, बच्चे हुए शामिल




**जरहागांव।** भठली कला के शासकीय पूर्व माध्यमिक में शाला परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि जनपद पंचायत सभापति पवन पाण्डे विभाग सरपंच प्रतिनिधि देवीराम साहू थे। कार्यक्रम में पंचायत भवन व मुख्य स्थानों में पौधरोपण किया गया। जनपद सभापति पवन पाण्डे ने कहा कि बच्चों के लिए यह एक ऐसा अवसर है जब उन्हें शिक्षा से उच्च शिक्षा से जोड़ा जाए। इस अवसर पर उपस्वास्थ प्रभारी मधु आनंद बंजारे ने संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की सरकार शिक्षा को लेकर विशेष ध्यान दे रही है। सरपंच प्रतिनिधि देवी राम साहू ने कहा कि शिष्य एक कच्चे मिट्टी की भांति होता है जिसे जिस रूप में चाहें ढाल सकते हैं। इस दौरान प्राथमिक शाला प्रधान पाठक रविकांत साहू, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शशि साहू, रामजी यादव, कन्हैया कश्यप, तुकाराम यादव, नवल कश्यप, दिनेश ध्रुव, ललित ध्रुव, छन्नू ध्रुव व राज साहू, महेंद्र साहू, मुकेश कश्यप गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## घुमंतू पशुओं में लगाएं रेडियम बेल्ट

**मुंगेली।** गौ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत सभाकक्ष में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के नोडल अधिकारियों को गायों की सुरक्षा, सेवा और संरक्षण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गईं। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय ने घुमंतू पशुओं में ईअर टैगिंग और रेडियम बेल्ट लगाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान शहर और आसपास के क्षेत्रों में आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या से यातायात बाधित होने और दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए पशुओं की समस्या एवं निराकरण की संभावित तात्कालिक एवं दीर्घकालिक कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही घुमंतू पशुओं के चिन्हांकन, पशुओं की ईअर टैगिंग, रेडियम बेल्ट लगाने, काऊ कैचर आदि विषयों विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य बेसहारा एवं घायल गौवंश के प्रति संवेदनशीलता को बढ़ावा देना, उनके उचित प्रबंधन की तकनीके सिखाना तथा समाज में गौ-सेवा की संस्कृति को प्रोत्साहित करना रहा। विशेषज्ञों द्वारा गौ-पालन, गौशाला प्रबंधन, चारा आपूर्ति, प्राथमिक उपचार और आपातकालीन देखभाल जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं के संबंध में बताया गया।



### मौहाभाठा में चल रही सवनाही रामायण



**तखतपुर।** मौहाभाठा निवासी पिल्लूराम साहू के निवास पर सवनाही रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान पूरे सावन माह भर रामचरित मानस का पाठ किया जा रहा है। इसमें सभी अपने अपने समय के अनुसार भगवान श्रीराम के गुणों का गान कर रहे है। सावन माह में रामायण के पाठ करने से अक्षय पूण्य की प्राप्ति होती है जिसमें गजेंद्र साहू, दिपिका साहू, अभ्या साहू, गितेश साहू, चंद्रकुमार साहू, दीक्षा साहू, सुरेश साहू सहित अन्य शामिल है।

## इग्नाइट इंग्लिश मीडियम स्कूल में आशीर्वाद समारोह

**पथरिया।** नगर स्थित सीबीएसई पैटर्न अंग्रेजी माध्यम शासकीय प्राथमिक शाला इग्नाइट में सोमवार को आशीर्वाद समारोह और निशुल्क पुस्तक, गणवेश वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्ण, विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष मनोज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि रघु वैष्णव, सभापति मेला राम डनसेना, रामबघेल, इंद्रजीत यादव, मोनिका ओमू दिवान, वार्ड पार्षद देवेंद्र डनसेना, शिक्षाविद बलराम जायसवाल, पूर्व पार्षद ओमू दीवान, धर्मेंद्र श्रीवास, भाजपा नेता रविंद बघेल, वरिष्ठ नागरिक बल्लू यादव थे। अतिथियों ने निशुल्क गणवेश और एनसीईआरटी




की किताबें वितरित करते हुए पिछले वर्ष के उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को शुभ आशीष प्रदान किया गया। प्रधान पाठक गुना राम निर्मलकर ने विद्यालय में केवल दो ही अंग्रेजी माध्यम के शिक्षक होने की जानकारी देते हुए जनभागीदारी समिति के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अंग्रेजी माध्यम के अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था करने की मांग की जिससे अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक शिक्षक कस्तूरी ध्रुव, गीतादेवी गुप्ता, अशोक सोनवानी, जसविंदर कौर, केशनी गोविल एवं नागरिक उपस्थित रहे।

64 ग्राम पंचायतों में डिजिटल सिग्नेचर का किया गया दुरूपयोग

# 16 लाख रूपए का गबन, संकाय सदस्य की सेवा समाप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत विभिन्न 64 ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार के नाम पर डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से अनियमित भुगतान किए जाने के गंभीर मामले में कार्रवाई करते हुए जिला प्रशासन ने संकाय सदस्य अनिल अमादिया की सेवा समाप्त कर दी है।

कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने शासन के निर्देशों और जांच समिति की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत पथरिया अंतर्गत 64 ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार के नाम पर बिना सरपंच सचिव की जानकारी के 16 लाख 9 हजार 700 रूपए की राशि का अनियमित भुगतान किया गया था, जो वित्तीय अनियमितता की श्रेणी में आता है। इस मामले की प्रारंभिक जांच




में अनियमितता की पुष्टि हुई थी, जिसके पश्चात विस्तृत जांच करवाई गई। जांच में पाया गया कि पंचायत प्रस्ताव के बिना सहमति के 64 ग्राम पंचायतों में उक्त राशि का अनियमित भुगतान किया गया, जो कि घोर लापरवाही एवं वित्तीय अनियमितता तथा अपराध की श्रेणी में आता है। इसके लिये संकाय सदस्य अमादिया द्वारा ई-ग्राम स्वराज पोर्टल में ग्राम पंचायतों के ई-मेल के स्थान पर जनपद पंचायत का ई-मेल डाला गया, ताकि भुगतान जनपद पंचायत के ई-मेल आइडी में ओटीपी के माध्यम से किया जा सके।

जांच में डिजिटल सिग्नेचर का दुरूपयोग करते हुए अनियमित भुगतान किया जाना पाया गया। इस संबंध में अनिल अमादिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के अंतर्गत संकाय सदस्य पद से उनकी सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है।

#### सरपंचों की समस्या जस की तस

जनदर्शन में शिकायतकर्ता नगर के पार्षद दीपक साहू ने आरोप लाग्या था कि क्षेत्र के ग्राम पंचायतों का डिजिटल सिग्नेचर जनपद में रखा गया है और बिना उनके जानकारी के राशि आहरित की जा रही जिस पर कलेक्टर कुंदन कुमार ने शख्त कार्यवाही की बात कहते हुए जांच कराई और जांच शुरू होते ही डिजिटल सिग्नेचर सरपंच सचिवों को सौंपा दिया गया लेकिन पंचायत का आईडी पासवर्ड अभी भी जनपद में है इसलिये सरपंच एक भी राशि आहरित नही कर पा रहे और मजबूरी में फिर से डिजिटल सिग्नेचर जनपद में जमा करने मजबूर है जो फिर किसी अनियमित भुगतान का कारण बनेगा ।

## लोगों के लिए कारगार साबित हो रही बांस से बनी छोटी पुलिया

**लोरमी।** बारिश के कारण इन दिनों वन्यक्षेत्र में छोटे नाले उफान पर हैं। यहां के मोहल्लों में आवागमन के लिए पारम्परिक ढंग से निर्मित बांस की बनी अस्थाई पुलिया लोगों के लिए कारगार साबित हो रही है। सोशल मीडिया पर बांस की पुलिया जमकर वायरल हो रही है। शहर से सटे ग्राम गुनापुर के एक मोहल्ले से दूसरे मोहल्ले एवं जंगलों में जाने के लिए एक छोटी नाली आवगमन में बाधा बन रही थी, जिसे ग्रामीणों ने एक बांस निर्मित पुलिया बनाकर सुविधा का विस्तार किया गया है। विदित हो कि बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के ग्रामीणों ने बताया कि उनके पूर्वजों ने उन्हें स्वावलंबी बनाना सिखाया है, जो आपदा में अवसर को बदलने की भरपूर क्षमता है। वनाचंल के भोले भाले लोग पुलिया बनने के इंतजार नहीं किया बल्कि अपने बूते सीमित संसाधन को उपयोग करके अपनी समस्याओं को दूर कर लिया। जिसने आज के इंजीनरिंग युग को उनकी वैकल्पिक व्यवस्था ने क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर ने आवश्यकता को पूर्ण किया।

